


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



09 बढ़ती लागत की बहस का हिस्सा बने कार्तिक ...

शास्त्री ने ऋषभ पंत को प्रेरणादायक बताया, कहा- अच्छा काम करते ... 11

वर्ष : 15 | अंक : 61 | नई दिल्ली, मंगलवार, 11 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मोदी कैबिनेट में शामिल मंत्रियों के मंत्रालय का हुआ बंटवारा, राष्ट्रपति भवन के सचिवालय की ओर से जारी कर दी गई सूची

## नरेंद्र मोदी 0.3 : जेपी नड्डा को स्वास्थ्य, शिवराज को कृषि व खट्टर को आवास

### राजनाथ, शाह व गडकरी समेत पांच मंत्रियों की जिम्मेदारी में बदलाव नहीं



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रिपरिषद सहयोगियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया है। मंत्रियों के विभागों की सूची राष्ट्रपति भवन के सचिवालय की ओर से जारी कर दी गई है। सूची के मुताबिक नितिन गडकरी को लगातार तीसरी बार सड़क परिवहन मंत्रालय सौंपा गया है।अब तक की जानकारी के अनुसार पिछली सरकार में भाजपा के पांच प्रमुख मंत्रियों के विभागों को नई सरकार में भी जस का तस रखा गया है।

इनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारणम, विदेश मंत्री एस जयशंकर के नाम शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने अन्य कैबिनेट सहयोगियों के बीच भी मंत्रालय बांट दिए हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कैबिनेट की पहली बैठक में पीएम आवास योजना को लेकर बड़े फैसले लिए। सूत्रों के मुताबिक अजय टम्टा को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाए जाने के आसार हैं। हर्ष मल्होत्रा भी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाए गए हैं।

**सीआर पाटिल को जलशक्ति मंत्रालय, गजेंद्र शेखावत को संस्कृति-पर्यटन :** सीआर पाटिल को जलशक्ति मंत्रालय, गजेंद्र शेखावत को संस्कृति-पर्यटन और चिराग पासवान को खेल व युवा कल्याण मंत्रालय मिला है। उन्हें इसके साथ-साथ खाद्य और प्रसंस्करण मंत्रालय भी सौंपा गया है। सबार्नंद सोनोवाल को बंदरगाह और जहाजरानी, राम मोहन नायडू को नागरिक उड्डयन, किरेन रिजिजू को संसदीय कार्य और भूपेंद्र यादव को पर्यावरण मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। चुनाव हारने के बावजूद मंत्री बनाए गए रवनीत सिंह बिट्टू को अल्पसंख्यक मामलों का मंत्रालय दिया गया है।

**रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे अहम विभाग भाजपा अपने पास ही रखा गया है :** राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री बरकरार रहेंगे। भाजपा के वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और धर्मेंद्र प्रधान को शिक्षा मंत्रालय का जिम्मा मिला है। जीतनराम मांझी को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली है।

**मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री को कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय मिला:** पांच बड़े मंत्रालय यानी गृह, रक्षा, वित्त, परिवहन और विदेश में कोई बदलाव नहीं किया गया है। राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री, अमित शाह गृह मंत्री, निर्मला सीतारमण वित्त मंत्री और एस जयशंकर विदेश मंत्री बने रहेंगे। कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ले चुके मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि और पंचायती राज मंत्रालय मिला है। अश्विनी वैष्णव को सूचना और प्रसारण मंत्रालय के साथ-साथ सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय भी दिया गया है।

**हरियाणा के पूर्व सीएम को भी अहम जिम्मेदारी मिली:** सूत्रों के मुताबिक, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और मोदी मंत्रिपरिषद में बतौर कैबिनेट मंत्री शपथ लेने वाले मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा व आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय का जिम्मा मिलने के आसार हैं। उनके साथ तोखन साहू आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री और श्रीपद नाईक ऊर्जा राज्य मंत्री हो सकते हैं।

### बिहार के 8 मंत्रियों के बीच मंत्रालयों का बंटवारा

- ललन सिंह को पंचायती व पशुपालन तो चिराग को खाद्य प्रसंस्करण
- 4 केंद्रीय और 4 केंद्रीय राज्य मंत्री को दिया गया मंत्रालय
- मांझी को लघु एवं सुक्ष्म उद्योग तो गिरिराज को कपड़ा मंत्रालय का प्रभार



पटना। मोदी कैबिनेट में शामिल मंत्रियों के मंत्रालय का बंटवारा कर दिया गया है। मोदी कैबिनेट में शामिल बिहार के 8 मंत्रियों के बीच मंत्रालयों का बंटवारा किया गया है। बिहार के 4 केंद्रीय मंत्रियों और 4 केंद्रीय राज्य मंत्री को मंत्रालय दिया गया है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय, बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह को टेक्सटाइल मंत्रालय मिला है। वही मुंगेर के जेडीयू सांसद ललन सिंह को पंचायती राज, मत्स्य, पशुपालन मंत्रालय, जीतनराम मांझी लघु एवं सुक्ष्म उद्योग मंत्रालय, रामनाथ ठाकुर कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, नित्यानंद राय गृह राज्य मंत्री, सतीश चंद्र दुबे कोयला एवं खनन राज्य मंत्री एवं राजभूषण चौधरी को जल शक्ति राज्य मंत्री बनाए गये हैं।

## मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा

1.नरेंद्र मोदी : प्रधानमंत्री, 2.राजनाथ सिंह : रक्षा मंत्रालय, 3.अमित शाह : गृह मंत्रालय, सहकारिता मंत्रालय, 4.जे.पी. नड्डा : स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, 5नितिन जयराम गडकरी : सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, 6.शिवराज सिंह चौहान : कृ षि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, 7.निर्मला सीतारमणः वित्त मंत्रालय, कॉर्पोरेट मामलों का मंत्रालय,8.डॉ. एस जयशंकर : विदेश मंत्रालय,9.मनोहर लाल : आवास और शहरी विकास मंत्रालय; ऊर्जा मंत्रालय10. एच डी कुमारस्वामी :भारी उद्योग मंत्रालय और इस्पात मंत्रालय 11.पीयूष गोयल : वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय 12. धर्मेंद्र प्रधान : शिक्षा मंत्रालय 13. जीतन राम मांझी : सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय14.राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) : पंचायती राज मंत्रालय; मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय15.सबार्नंद सोनोवाल : बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय16. डॉ. वीरेंद्र कुमारःसामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय17. के. राम मोहन नायडू: नागरिक उड्डयन मंत्रालय18. प्रह्लाद जोशीःउपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय; नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय19.जुएल ओराव : जनजातीय मामलों के मंत्रालय20.गिरिराज सिंह कपड़ा मंत्रालय 21.अश्विनी वैष्णवः रेल एवं सूचना प्रसारण मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय 22.ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया : दूरसंचार मंत्रालय, उत्तर-पूर्व राज्य विकास मंत्रालय 23.भूपेंद्र यादवपर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय 24.गजेंद्र सिंह शेखावतसंस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय25.अन्नपूर्णा देवी : महिला एवं बाल विकास मंत्रालय 26. किरेन रिजिजू : संसदीय कार्य मंत्रालय, अल्पसंख्यक मंत्रालय 27.मनसुख मांडवियाःश्रम एवं रोजगार मंत्रालय, युवा मामले और खेल मंत्रालय 28.जी किशन रेड्डी : कोयला एवं खनन मंत्रालय 29. चिराग पासवान : खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय 30. सी आर पाटिलजल : शक्ति मंत्रालय31. हरदीप पुरी : पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

**मोदी 3.0 के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

1. राव इंद्रजीत सिंह- योजना, सांख्यकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन और संस्कृति 2. डॉ. जितेंद्र सिंह- प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान, कार्मिक, जन शिकायत और पेंशन 3.अर्जुन राम मेघवाल- कानून और न्याय संसदीय कार्य 4. प्रतापराव जाधव - स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और आयुष 5. जयंत चौधरी - शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता.

**केंद्रीय राज्य मंत्रीः** 1.जितिन प्रसाद : वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय; इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय 2. श्रीपद् नाईक : विद्युत मंत्रालय; नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय 3.पंकज चौधरीःवित्त मंत्रालय 4.कृष्णपाल गुर्जर : सहकारिता मंत्रालय 5. रामदास अठावले : सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय 6. रामनाथ ठाकुर : कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय 7. नित्यनांद राय : गृह मंत्रालय 8. अनुप्रिया पटेल : स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय; रसायन और उर्वरक मंत्रालय 9. वी. सोमन्ना : जल शक्ति मंत्रालय, रेल मंत्रालय10.डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी : ग्रामीण विकास मंत्रालय, संचार मंत्रालय11.एस. पी. सिंह बघेल : मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय; पंचायती राज मंत्रालय12.शोभा करंदलाजे : सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, श्रम और रोजगार मंत्रालय 13.कीर्तिवर्धन सिंह : पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय; विदेश मंत्रालय14.शांतनु ठाकुर : बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय15. सुरेश गोपी :पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय; पर्यटन मंत्रालय16. डॉ. एल. मुरुगनःसूचना और प्रसारण मंत्रालय; संसदीय कार्य मंत्रालय17. अजय टम्टाः सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय18.बंडी संजय कुमारःगृह मंत्रालय19.भागीरथ चौधरी : कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय 20.संजय सेठ : रक्षा मंत्रालय 21.रवनीत सिंह बिट्टू ; खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ; रेल मंत्रालय 22.दुर्गा दास उइके : जनजातीय मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री 23.रक्षा निखिल खडसे : युवा मामले और खेल मंत्रालय 24. सुकांत मजूमदार : शिक्षा मंत्रालय; पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास मंत्रालय 25.सावित्री ठाकुर :महिला और बाल विकास मंत्रालय 26.तोखन साह : आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री 27.राज भूषण चौधरी : जल शक्ति मंत्रालय 28.भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा :भारी उद्योग मंत्रालय और इस्पात मंत्रालय 29. हर्ष मल्होत्रा : कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय; सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री 30.निमुबेन जयंतीभाई बंभानिया :उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय 31.मुरलीधर मोहोल : सहकारिता मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय 32.जॉर्ज कुरियन : अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय; मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय में राज्य मंत्री 33.पबित्रा मार्गेरिटा : विदेश मंत्रालय, वस्त्र मंत्रालय 34.बी.एल. वर्मा : उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय; सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय 35.कमलेश पासवान : ग्रामीण विकास मंत्रालय 36.सतीश चंद्र दुबे : कोयला मंत्रालय, खान मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वाले

मोदी सरकार 3.0 की पहली कैबिनेट बैठक में आवास योजना से जुड़ा बड़ा एलान

## पीएम आवास योजना के तहत देश में बनेंगे 3 लाख नए घर

### योजना के तहत सभी घरों में एलपीजी और बिजली कनेक्शन होंगे

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। मोदी सरकार 3.0 की पहली कैबिनेट बैठक के दौरान आवास योजना से जुड़ा बड़ा एलान किया गया है। पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ घरों के निर्माण को कैबिनेट ने अपनी मंजूरी दे दी है। योजना के तहत बने सभी घरों में एलपीजी और बिजली कनेक्शन होंगे। इन घरों का निर्माण ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में होगा। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आज की बैठक में पीएम आवास के तहत घरों के निर्माण के लिए तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। इससे पात्र परिवारों की संख्या में वृद्धि से उत्पन्न आवास की जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। भारत सरकार 2015-16 से प्रधान मंत्री आवास योजना लागू कर रही है ताकि बुनियादी सुविधाओं के साथ घरों के निर्माण के लिए पात्र ग्रामीण और शहरी परिवारों को सहायता प्रदान की जा सके। पीएमएवाई के तहत, पिछले 10 वर्षों में आवास योजनाओं के तहत पात्र गरीब परिवारों के लिए कुल 4.21 करोड़ घर पूरे किए गए हैं। पीएमएवाई के तहत निर्मित सभी घरों को केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की अन्य योजनाओं की मदद से घरेलू शौचालय, एलपीजी कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन आदि जैसी अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली कैबिनेट बैठक शुरू हुई।

प्रधानमंत्री के आवास पर हो रही इस बैठक में अमित शाह, राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह चौहान और एचडी कुमारस्वामी समेत सभी केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल की शुरूआत में ही बड़े फैसले ले लिए हैं। कैबिनेट मीटिंग से पहले आज पीएम मोदी ने किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्ट जारी करने का आदेश दिया था। इस आदेश को लेकर पीएम मोदी ने अधिकारिक एक्स हैंडल ट्वीट किया। जिसमें उन्होंने लिखा देशभर के अपने किसान भाई-बहनों का जीवन आसान बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद पहला काम उनके लिए ही करने का अवसर मिला है। इसके तहत पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त से जुड़ी फाइल पर हस्ताक्षर किया, जिसका लाभ देश के मेरे 9 करोड़ से ज्यादा अन्नदाताओं को होगा। आने वाले समय में हम किसानों के कल्याण और कृषि क्षेत्र के उत्थान के लिए निरंतर काम करते रहेंगे।



### भारत को विकसित बनाने के लिए अपने आपको खपा दें कर्मचारीः मोदी

#### पीएम ने प्रधानमंत्री कार्यालय के कर्मचारियों को किया संबोधित

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री कार्यालय के कर्मचारियों से विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपने आप को खपा देने का आह्वान किया है। श्री मोदी ने सोमवार सुबह प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभालने के बाद अपराह्न प्रधानमंत्री कार्यालय के कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उनकी टीम को ऐसे लोगों की जरूरत है जो देश को विकसित बनाने के लिए दिन रात कार्य कर सकें और इस लक्ष्य के लिए अपने आप को खपा दें। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्ष से इस टीम में काम करने वाले जो कर्मचारी अब कहीं ओर जाना चाहते हैं उन्हें वह शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने कहा कि वह टेलीविजन के माध्यम से उनकी बात सुनने वाले अन्य कर्मचारियों को इस टीम में शामिल होने आह्वान करते हैं, उन्हें निमंत्रण देते हैं। उन्होंने कहा, जो कर्मचारी पिछले दस वर्षों से पीएमओ में कार्य कर रहे हैं और कहीं दूसरी जगह जाना जाते हैं उन्हें मेरी और से शुभकामनाएं हैं। आपने इतना किया इसके लिए धन्यवाद है। जो आज टी वी पर मेरी बात सुनकर आना चाहते हैं जो मन भाव से खप जाना जाता है पांच साल। आईए निमंत्रण है। हमारा एक ही लक्ष्य है राष्ट्र प्रथम, एक ही इरादा 2047 तक विकसित भारत। मैंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि मेरा पल पल देश के नाम है। मुझे अपनी टीम से 2047 तक दिन रात काम करने की अपेक्षा है। गलती के बिना यदि मैं अपना काम समय पर कर देता हूं तो यह अच्छी चीज है लेकिन इसमें परिपूर्णता नहीं है। मैंने उसमें क्या अतिरिक्त जोड़ा है यह महत्वपूर्ण है। यदि हम इस भाव से काम करेंगे तो अगले पांच वर्षों में हम सपनों को पूरा कर सकते हैं। मेरा दस साल का अनुभव है हमने जो तय किया उसे हम सब ने मिलकर पूरा किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका शुरू से प्रयास रहा है कि पीएमओ सेवा का अधिष्ठान और लोगों का पीएमओ बने। उन्होंने कहा कि सरकार का मतलब सामर्थ्य, समर्पण और संकल्पों की नई ऊर्जा है। उन्होंने कहा, हमारी टीम के लिए ना तो समय का बंधन है, ना सोचने की सीमाएं और ना ही पुरुषार्थ के लिए कोई तय मानदंड। श्री मोदी ने कहा कि हमें अपनी मेहनत से देश को वहां पहुंचाना है जहां कोई नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों के दौरान उन्होंने अपने भीतर के विद्यार्थी को मरने नहीं दिया।

## दिल्ली से पटना लौटे सीएम नीतीश हवाई अड्डे पर जोरदार स्वागत

प्रात : किरण



पटना। नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने और एनडीए की सरकार बनने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार की सुबह पटना लौट आए। पटना हवाई अड्डे के बाहर जदयू के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उनके स्वागत के लिए खड़े थे और उनके पक्ष में जमकर नारे लगाए। मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना पाकर काफी संख्या में जदयू के नेता और कार्यकर्ता पहले से ही पटना हवाई अड्डा के बाहर जमा हो गए थे और अपने नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का इंतजार कर रहे थे। नीतीश कुमार जैसे ही हवाई अड्डा से बाहर निकले, जदयू कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया और उनके पक्ष में जमकर नारे लगाए। मुख्यमंत्री हवाई अड्डे से सीधे मुख्यमंत्री आवास के लिए निकल गए। उन्होंने गाड़ी से ही लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान रास्ते में भी कार्यकर्ता उनके स्वागत में खड़े दिखे। इस लोकसभा चुनाव में जदयू का कद बढ़ गया है। बतौर एनडीए घटक दल जदयू 16 सीटों पर चुनाव लड़ी थी और 12 सीटों पर उसे सफलता मिली है। एनडीए ने बिहार में 30 सीटों पर जीत दर्ज की है। भाजपा के अकेले बहुमत का आंकड़ा नहीं मिलने के कारण जदयू का महत्व काफी बढ़ गया है। ऐसी स्थिति में जदयू के कार्यकर्ता उत्साहित हैं। रविवार को प्रधानमंत्री शपथ ग्रहण समारोह में नीतीश कुमार शामिल हुए थे। मोदी मंत्रिमंडल में जदयू के दो सांसदों को शामिल किया गया है।

## 13 विस सीटों पर उपचुनाव की घोषणा

### 10 जुलाई को मतदान, गिनती 13 को होगी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। चुनाव आयोग ने सोमवार को सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। इसके तहत 10 जुलाई को मतदान होगा जबकि वोटों की गिनती 13 जुलाई को होगी। ये उपचुनाव मौजूदा सदस्यों की मृत्यु या इस्तीफे के कारण खाली हुई सीटों को भरने के लिए कराए जा रहे हैं। जिन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं उनमें रूपौली बिहार, रायगंज, राणाघाट दक्षिण, बागदा और मानिकतला सभी पश्चिम बंगाल, विक्रवंडी तमिलनाडु, अमरवाड़ा मध्य प्रदेश, बद्रीनाथ और मंगलौर उत्तराखंड, जालंधर पश्चिम पंजाब और देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ हिमाचल प्रदेश शामिल हैं। चुनाव के लिए अधिसूचना 14 जून को जारी की जाएगी, नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 जून है, 24 जून को चुनाव पत्रों की जांच होगी और नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 26 जून है। उपचुनाव के तहत मतदान 10 जुलाई को होगा और मतगणना 13 जुलाई को होगी। निर्वाचन आयोग ने कहा कि उपचुनाव की प्रक्रिया 15 जुलाई से पहले पूरी की जानी है।

विधानसभा उपचुनाव का पूरा कार्यक्रम : अधिसूचना जारी होने की तिथिः 14 जून, नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीखः 21 जून, नामांकन पत्रों की जांच : 24 जून, उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथिः 26 जून, मतदान की तिथिः 10 जुलाई, नतीजेः 13 जुलाई।

बिहार सरकार

वाणिज्य-कर विभाग

माल और सेवा कर अधिनियम (GST) के अन्तर्गत निबंधित सामान्य एवं QRMP करदाता अपनी GSTR-1 विवरणी समय पर दाखिल करें।

GSTR-1 दाखिल करने की नियत तिथि

सामान्य करदाता– प्रत्येक महीने के लिए अगले महीने की 11 तारीख़

QRMP करदाता– प्रत्येक तिमाही के लिए त्रैमास समाप्ति के बाद वाले महीने की 13 तारीख़

- कर भुगतान करने वाले सामान्य एवं QRMP करदाता GST Common portal **www.gst.gov.in** पर login करते हुए GSTR-1 दाखिल करें।
- GSTR-1 दाखिल करने में आने वाली समस्या के समाधान हेतु विभागीय हेल्पडेस्क या स्थानीय विभागीय कार्यालय में कार्यरत facilitation Centre से सम्पर्क कर सकतें हैं।
- ***Help desk Nos.0612-2233512, 2233513, 2233514, 2233515, 2233516.***

कृपया ध्यान रखें

GSTR-1 समय पर दाखिल करना प्रत्येक निबंधित सामान्य एवं QRMP करदाता का वैधानिक दायित्व है, जिसका उल्लंघन विधिक कार्रवाई को आकृष्ट करता है।



राज्य–कर आयुक्त–सह सचिव
वाणिज्य–कर विभाग, बिहार, पटना

PR No.- 001485 (Commercial Tax)D. 2024-25

## संक्षिप्त समाचार

### सूरज के तेवर तल्ख, गर्मी कर रही बेहाल, अगले कुछ दिन मौसम के मिजाज में बदलाव के नहीं आसार

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में मौसम शुष्क है और पहाड़ से मैदान तक चटख धूप खिल रही है। देहरादून समेत ज्यादातर मैदानी क्षेत्रों में सूरज के तेवर तल्ख हो गए हैं। तपिश बढ़ने के साथ ही पारा भी लगातार चढ़ रहा है। दून में फिर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। इसके अलावा कई क्षेत्रों में गर्म हवा के थपेड़े बेहाल कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिन मौसम के मिजाज में किसी तरह के परिवर्तन के आसार नहीं हैं। ऐसे में पारे में और इजाफा हो सकता है। दोपहर बाद गर्म हवाएं चलने से भीषण गर्मी महसूस की गई। तपिश बढ़ने के कारण ही सुबह-शाम भी उमसभरी गर्मी महसूस की जा रही है। हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर जिले के साथ ही नैनीताल और पौड़ी के मैदानी क्षेत्रों में भी गर्मी का प्रकोप है। ज्यादातर क्षेत्रों में अधिकतम पारा 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, आज प्रदेश में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। आसपास के निचले इलाकों में झोंकेदार हवाएं चलने की आशंका है। पारे में एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

### दिल्ली के अस्पताल में भर्ती पूर्व राज्यपाल कोश्यारी से मिले सीएम धामी

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड के पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी को बीते दिनों तबीयत बिगड़ने पर उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पतातल में भर्ती कराया गया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नई दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पतातल पहुंचकर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से भेंट की। उन्होंने उनकी कुशलक्षेम पूछी और जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

### आसन नदी में डूबने से छह वर्षीय बच्चे की मौत

**देहरादून, एजेंसी।** सेलाकुई थाना क्षेत्र के आसन नदी में डूबने से शनिवार को छह वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। वह दोस्तों के साथ नहाते हुए गहरे पानी में चला गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्चे को नदी से बाहर निकाला। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से मना कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के जमनपुर निवासी अरमान (6) पुत्र जीशान शनिवार की शाम अपने दोस्तों के साथ बाहर खेलने निकला था। करीब पांच बजे सभी आसन नदी में आकर नहाने लगे। इस दौरान अरमान तेज बहाव की चपेट में आ गया और वह डूबने लगा। उसे देख अन्य बच्चों में चीख पुकार मच गई। जब तक लोग पहुंचते अरमान डूब चुका था। थाना प्रभारी शैंकी कुमार ने बताया कि बच्चे को नदी से बाहर निकालकर अस्पताल में लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### नेपाली फार्म से शिवपुरी पहुंचने में लग गए तीन घंटे

**ऋषिकेश, एजेंसी।** हाईवे पर वाहनों का दबाव बढ़ा तो इनकी गति थम-सी गई। रविवार सुबह से ही स्थिति यह थी कि नेपाली फार्म से शिवपुरी पहुंचने में तीन घंटे लग गए। हाईवे पर दबाव बढ़ने पर वाहनों को नेपाली फार्म से भानियावाला, नरेंद्रनगर होते हुए ऋषिकेश भेजा गया। गलियों के अंदर भी बाहरी राज्यों के वाहन घुस गए। सुबह 8 बजे से नेपाली फार्म पर दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के पर्यटकों के वाहन भानियावाला के लिए परिवर्तित किए गए। भानियावाला से ये वाहन रानीपोखरी होते हुए ऋषिकेश पहुंचे। कई पर्यटकों को शिवपुरी, कौडियाला, गरुड़चट्टी राफ्टिंग के लिए जाना था। इन पर्यटकों के वाहनों को पुलिस ने नटराज चौक से भद्रकाली की ओर से भेज दिया। पूर्वाह्न 11 बजे नटराज चौक पर चारों ओर से वाहनों की कतारें लग गईं। जिन वाहनों को आगे ढालवाला, भद्रकाली भेजा गया था वे आगे नहीं बढ़ पाए। इससे नटराज चौक से ब्रह्मानंद मोड़, तपोवन तक जाम जैसी स्थिति हो गई। ऐसे में पुलिस को भानियावाला की ओर से डायवर्ट किए गए वाहनों को बड़कोट बैंड से नरेंद्रनगर भेजना पड़ा। उसके बाद स्थिति में कुछ सुधार हुआ।

# मजदूरी करने गए एमए के छात्र की लिंटर के नीचे दबकर मौत, इस आवास को तोड़ने गया था छात्र

**नैनीताल, एजेंसी।**
जमरानी कॉलोनी दमुवाढूंगा में सरकारी बिल्डिंग तोड़ने के दौरान दानीबंगर गौलापार निवासी एमए के छात्र के ऊपर लिंटर गिर गया। जेसीबी की मदद से उसे निकाला गया। उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हल्द्वानी के जमरानी कॉलोनी दमुवाढूंगा में सरकारी बिल्डिंग तोड़ने के दौरान दानीबंगर गौलापार निवासी एमए के छात्र के ऊपर लिंटर गिर गया। इससे वह गंभीर घायल हो गया। जेसीबी की मदद से उसे निकाला गया। उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दानीबंगर गौलापार निवासी विक्रम सिंह बिष्ट (24) के परिवार की आर्थिक हालत खराब है। वह दानीबंगर अपने पिता डूंगर सिंह बिष्ट, मां भगवती देवी और छोटे भाई हर्षित के साथ रहता था। पढ़ाई का खर्च निकालने के लिए वह मजदूरी करता था। परिजनों के मुताबिक तीन दिन पहले उसने दमुवाढूंगा स्थित जमरानी कॉलोनी के सरकारी आवास गिराने का ठेका लिया था। रविवार की सुबह सात बजे वह



अपने चचेरे भाई वीरेंद्र और साथी हरीश के साथ काम पर गया था। तीनों दो मंजिला भवन को गिरा रहे थे। तभी 12:30 बजे वह खाना खाने के लिए नीचे जाने लगे। आकाश और वीरेंद्र पहले निकल आए। कुछ ही देर बाद दो मंजिला भवन की छत गिर गई। उधर, विक्रम इसके नीचे दब गया। चीख और छत गिरने की आवाज सुनकर वीरेंद्र और हरीश के साथ अन्य लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने मशक्कत के बाद करीब एक बजे घायल विक्रम को जेसीबी की मदद से बाहर निकाला और निजी गाड़ी से एसटीएच लेकर पहुंचे, यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची मेडिकल चौकी पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवा दिया। छत गिरने के दौरान विक्रम छत के नीचे दब गया। इस दौरान काम कर रहे अन्य मजदूर बल्ली लेकर उसे बचाने आए, लेकिन बल्ली से छत नहीं उठी। इसके बाद जेसीबी से छत को उठाकर उसे निकाला गया। स्थानीय निवासी यतिन पांडे ने कहा कि ठेकेदार वहीं मौजूद था। उसे पता था कि छत बल्ली से नहीं उठ सकती है। वह पहले ही जेसीबी बुला सकता था। जबकि जेसीबी वहीं पर काम कर रही थी। कहा कि जेसीबी बुलाने में समय बर्बाद किया गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार उसे वहां से निकालने के बाद भी अपनी गाड़ियों में अस्पताल नहीं ले गए। जब लोगों ने आक्रोशित होकर हंगामा शुरू किया तब जाकर ठेकेदार अपने वाहन से घायल को अस्पताल लेकर गया।

# अतुल जोशी, रक्षित, मोहित कापड़ी बने सेना में अधिकारी

**पिथौरागढ़, एजेंसी।**
जिले के तीन युवाओं ने सेना में अधिकारी बन परिवार, गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

जिला मुख्यालय के सिनेमा लाइन निवासी अतुल जोशी देहरादून में आयोजित पासिंग आउट परेड के बाद सेना में अधिकारी बन गए हैं। वह जाट रेजिमेंट में अपनी सेवा देंगे। अतुल के पिता अनिल कुमार जोशी पुराना बाजार में किराना स्टोर चलाते हैं और मां गीता जोशी गृहिणी हैं। उनके छोटे भाई अमन दिल्ली विश्वविद्यालय से पढ़ाई कर रहे हैं। अतुल की इंटर की पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय और स्नातक एलएसएम महाविद्यालय पिथौरागढ़ से हुई। अतुल ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों के साथ ही नाना स्व. कैप्टन नारायण दत्त पांडेय को दिया। उनकी सफलता पर चाचा सुनील जोशी, भाई आयुष और परिवार जनों ने खुशी जताई है।

इधर, देवलथल क्षेत्र के अलगड़ा निवासी रक्षित भट्ट शनिवार को ऑफिसर प्रशिक्षण अकादमी गया में हुई पासिंग आउट परेड के बाद सेना में अधिकारी बन गए हैं।

उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी की उपस्थिति में हुई परेड में रक्षित को रक्षा सेना की ईएमई शाखा में कमीशन मिला। रक्षित के पिता मनोज भट्ट एनएच में इंजीनियर हैं और मां अनुपमा भट्ट गृहिणी हैं। उनका परिवार वर्तमान में हल्द्वानी में रहता है। इस अवसर पर रक्षित के चाचा मेजर सतीश भट्ट, बड़ी बहन डॉ. प्राची भट्ट और परिजन मौजूद रहे। रक्षित के सेना में अधिकारी बनने से अलगड़ा गांव में भी खुशी है।

मूनाकोट ब्लाक के सिरड़ गांव निवासी मोहित कापड़ी भी सेना में अधिकारी बन गए हैं। मोहित कापड़ी शनिवार को भारतीय सैन्य अकादमी से पास आउट हुए हैं। मोहित कापड़ी को ओवर ऑल परफार्मेंस के आधार पर सिल्वर मेडल से नवाजा गया है। मोहित की प्रारंभिक शिक्षा शिशु मंदिर नैनीपातल से हुई है। उन्होंने माध्यमिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय से प्राप्त की है। उनके परदादा कुलोमणि कापड़ी भी भारतीय सेना में थे।

# भीषण गर्मी में पानी की बूंद-बूंद को तरसे बनभूलपुरा के 12 हजार परिवार



**हल्द्वानी, एजेंसी।** दमुवाढूंगा, राजपुरा के गौलागेट, कठघरिया के बाद अब बनभूलपुरा में पेयजल संकट हो गया है। आजादनगर व ताज चौराह का नलकूप खराब होने से बनभूलपुरा के छह हजार उपभोक्ता पानी की समस्या से परेशान हैं।

उपभोक्ताओं को पानी की आपूर्ति के लिए जल संस्थान की ओर से तीन टैंकर भेजे गए। लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिए तीनों टैंकरों ने कुल 42 फेरे लगाए हैं। हालांकि शनिवार की शाम ताज चौराह वाला नलकूप ठीक हो गया है। इससे रविवार को लोगों के घरों में पानी आना शुरू हो जाएगा।

बनभूलपुरा स्थित ललित आर्य महिला इंटर कालेज व आजाद नगर स्थित नलकूप खराब होने से 12 हजार परिवार को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोग सुबह से ही टैंकर के इंतजार में घरों के बाहर खड़े हो गए। टैंकर आते ही लोगों ने बाल्टियां व घर के बर्तन नल के नीचे लगा दिए। हालांकि क्षेत्रवासियों का कहना है कि टैंकर के माध्यम से भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है।

जल संस्थान के अवर अभियंता भुवन भट्ट ने बताया कि ताज चौराह वाला नलकूप शनिवार की शाम ठीक हो गया। इसकी मोटर बदल दी गई है। रविवार की सुबह तक लोगों के घरों तक पानी पहुंच जाएगा। वहीं आजाद नगर का नलकूप शुक्रवार को खराब होने के चलते क्षेत्र के लोगों को कुछ दिनों तक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। सहायक अभियंता रविंद्र कुमार ने बताया कि पेयजल संकट से जूझ रहे बनभूलपुरा, इंदिरानगर, गौलागेट में तीन-तीन टैंकर जा रहे हैं। जबकि दमुवाढूंगा में छह टैंकर से पानी की आपूर्ति की जा रही है।

# 20 घरों में घुसा गंदा पानी, नगर निगम के अधिकारियों की नहीं सुन रहा ठेकेदार

**नैनीताल , एजेंसी।**
इंदिरा नगर का बड़ा नाला चोक हो गया। इससे गलियों और करीब 20 घरों में भी गंदा पानी घुस गया है। शिकायत के बाद भी निगम के अधिकारी चोक नाला खोलने नहीं आए। उधर, लोगों ने किसी तरह नाला साफ कर पानी की निकासी की।

हल्द्वानी में बारिश आई तो शहर का डूबना तय है। डीएम के आदेश के बाद भी न तो ठेकेदार नालों की सही सफाई कर रहे हैं। न ही नगर निगम के अधिकारी अपने ठेकेदारों से काम करा पा रहे हैं। बिना बारिश के कूड़े के कारण इंदिरा नगर का बड़ा नाला चोक हो गया। इससे गलियों और करीब 20 घरों में भी गंदा पानी घुस गया है। शिकायत के बाद भी निगम के अधिकारी चोक नाला खोलने नहीं आए। उधर, लोगों ने किसी तरह नाला साफ कर पानी की निकासी की।

नगर निगम के 15 नालों और देवखड़ी, रकसिया नाले की सफाई का ठेका दिया है। नौ जून बीत गया है। अभी तक नालों की सफाई नहीं हो पाई है। उधर, मौसम विभाग ने 16 जून से प्री-मानसून बारिश शुरू होने की संभावना जताई है। ऐसे में शहर के कई घरों में गंदा पानी भरना तय है। जी हां बिना बारिश के इंदिरा नगर का बड़ा नाला कूड़े के कारण चोक हो गया। इस कारण क्षेत्र में सड़कों पर गंदा पानी भर गया। करीब 20 घरों में गंदा पानी भी भर गया। हालांकि, इससे नुकसान नहीं हुआ। लोगों ने खुद नाला खोलकर किसी तरह गंदे पानी की निकासी कराई। पूर्व सभासद शकील सलमानी ने बताया कि निगम के अधिकारियों से कई बार नाला सफाई की शिकायत की जा चुकी है। इसके बाद भी निगम के अधिकारी नाला साफ नहीं करा रहे हैं।

नगर निगम ने जिन ठेकेदारों को नाले सफाई का ठेका दिया हुआ है, वहीं ठेकेदार नगर निगम के अधिकारियों की नहीं सुन रहे हैं। अब सफाई निरीक्षक अमोल असवाल ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र भेजकर इसकी शिकायत की है।नगर निगम ने नालों की सफाई का निरीक्षण करने का काम सफाई निरीक्षक अमोल असवाल को दिया है। अमोल असवाल ने बताया कि उनकी ओर से साफ किए गए नालों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि जो नाले ठेकेदार ने साफ कर दिए हैं। उनकी पुलिया के नीचे से मलबा नहीं हटाया है। कई नालों से सिर्फ कूड़ा हटाया गया है। नाले के नीचे जमीं मिट्टी और सिल्ट को नहीं निकाला गया है। इससे नाले की गहराई कम हो गई है।



उधर, उन्होंने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र भेजकर शिकायत की है कि ठेकेदार नालों को सही साफ नहीं कर रहे हैं। ठेकेदार की ओर से बहुत कम मजदूर नाले सफाई को लगाए गए हैं। ठेकेदार निगम के अधिकारियों को नहीं बता रहा है कि कहां वह सफाई करा रहा है। कहा कि इतनी धीमी गति में तो मानसून सीजन खत्म होने तक सफाई नहीं हो पाएगी।

# ज्योर्तिमठ को लेकर नहीं कोई विवाद, बोले वासुदेवानंद महाराज-लिखित में नहीं बनाया किसी को शंकराचार्य

**चमोली, एजेंसी।**
स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि स्वामी स्वरूपानंद ने किसी को लिखित में शंकराचार्य नहीं बनाया है। ज्योतिर्मठ को लेकर कोई विवाद नहीं है। पहले विचारधाराओं का विवाद था, लेकिन स्वरूपानंद सरस्वती के ब्रह्मलीन होने के बाद अब पीठ पर कोई विवाद नहीं है। यह बात स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती महाराज ने ज्योतिर्मठ में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। कहा, स्वामी स्वरूपानंद महाराज ने किसी को भी लिखित में शंकराचार्य नहीं बनाया है। अयोध्या में राम मंदिर को लेकर कहा, वह मंदिर नहीं, बल्कि रामलला का निवास स्थान है। मंदिर किसी दूसरी जगह हो सकता है, लेकिन यह उनका घर है। घर बनाने में जितनी जगह बन जाती है उतने में ही प्रवेश हो जाता है। बाद में धीरे-धीरे निर्माण होता रहता है। कहा, उत्तराखंड के चारोंधामों में यात्रियों से ज्यादा पर्यटक आ रहे हैं। पहले जो यात्री आते थे वे तपस्वी होते थे, अब पर्यटन के नजरिए से लोग आ रहे हैं। कहा, धर्मयात्रा को टूरिज्म बना दिया गया है। इस मौके पर तीर्थ पुरोहित ऋषि प्रसाद सती आदि मौजूद रहे।



# देहरादून एयरपोर्ट पर 13 जून से शुरू होंगे दो एयरोब्रिज

**ऋषिकेश, एजेंसी।** देहरादून एयरपोर्ट से हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एक खुशखबरी है। एयरपोर्ट पर दो एयरोब्रिज को डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) से मंजूरी मिल गई है। इन ब्रिजों को आगामी 13 जून से शुरू कर दिया जाएगा। इससे यात्री टर्मिनल और विमान के बीच एयरोब्रिज से आवाजाही कर सकेंगे।

देहरादून एयरपोर्ट टर्मिनल के अंदर चार एयरोब्रिज बनाने का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। इनमें से दो एयरोब्रिज को डीजीसीए ने मंजूरी दे दी है। अब एयरपोर्ट प्रशासन 13 जून से इन दोनों एयरोब्रिजों को हवाई यात्रियों के लिए शुरू करने जा रहा है। एयरपोर्ट पर लगभग 460 करोड़ रुपये की लागत से नया टर्मिनल भवन बनाया गया है। उसके फेज-2 का लोकार्पण इसी साल 14 फरवरी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया था। फेज-2 बिल्डिंग के साथ ही चार एयरोब्रिज बनाने का कार्य भी शुरू किया गया था। डीजीसीए की टीम ने निरीक्षण करने के बाद चार में से दो एयरोब्रिज को मंजूरी दे दी।

एयरोब्रिज शुरू होने के बाद हवाई यात्रियों को टर्मिनल से विमान तक आवाजाही करने के लिए बस या पैदल आवाजाही नहीं करनी पड़ेगी। इससे धूप और बारिश में यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

# तीन घंटे काटी बिजली, परेशान रहे 15 हजार उपभोक्ता

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
कमलुवागांजा 220 केवी सबस्टेशन से आने वाली 33 केवी कालाढूंगी चौराहा बिजलीघर को आने वाली केबल बदलने के कार्य के दौरान हुई अघोषित कटौती से शनिवार को 15 हजार उपभोक्ताओं को गर्मी में परेशान रहना पड़ा। इस दौरान विभाग उपभोक्ताओं को आधे घंटे में बिजली आने का आश्वासन देता रहा लेकिन कार्य को पूरा करने के चलते तीन घंटे तक सप्लाई बाधित रही। इस दौरान कालाढूंगी 33 केवी सबस्टेशन से जुड़े 13 बीघा और टीपीनगर बिजलीघर के सभी फीडरों में सप्लाई लगभग तीन घंटे तक बंद रही।

ऊर्जा निगम की ओर से



अघोषित कटौती का सिलसिला जारी है। शनिवार को मलुवागांजा 220 केवी सबस्टेशन से आने वाली 33 केवी कालाढूंगी चौराहा बिजलीघर को आने वाली केबल बदलने के कार्य के दौरान 13 बीघा और ट्रांसपोर्ट नगर बिजलीघर के सभी फीडरों में आपूर्ति प्रभावित रही। इस दौरान जज फार्म, देवलचौड़, खन्ना फार्म, 13 बीघा, इंदिरानगर, नई बस्ती, बेलबाबा समेत दोनों बिजलीघरों के सभी फीडरों में तीन घंटे सप्लाई बंद रही। इस दौरान दोनों ही बिजलीघरों से जुड़े विभिन्न इलाकों में लोग गर्मी में परेशान रहे। वहीं इन इलाकों में नलकूपों का संचालन भी प्रभावित रहा। एसई नवीन मिश्रा ने बताया कि केबल बदलने के दौरान ट्रांसपोर्ट नगर में सप्लाई दोपहर 3:28 बजे से शाम 6:02 बजे तक बंद रही। 13 बीघा में सप्लाई 3:28 बजे से 6:06 बजे तक बंद रही। इसके बाद सप्लाई बहाल कर दी गई।

# मुख्य सड़कों और गलियों में सीसीटीवी लगाने की मांग

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी कल्याण समिति की नगरपालिका सभागार में हुई बैठक में वक्ताओं ने नगर की मुख्य सड़कों और गलियों में सीसीटीवी लगाने की मांग की। नगर की दशा सुधारने के लिए शीघ्र अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

शनिवार को हुई बैठक में नगर की विभिन्न समस्याओं के समाधान पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि नगर में के गलियों में अराजक तत्वों की अराजकता लगातार बढ़ रही है। अराजक तत्व अकेले आवाजाही कर रहे लोगों के साथ बदसलूकी करते हैं। शाम के समय आवाजाही में लोगों को खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि नगर में कुछ शौचालय बंद पड़े हैं। जिससे लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। चोक नालियों और कल्वर्ट को मानसून से पहले खोलने की मांग उठाई।

# 24 घंटे में ही बैकफुट पर आया शिक्षा विभाग, शिक्षकों को यातायात ड्यूटी पर लगाने संबंधी आदेश निरस्त

**हल्द्वानी/नैनीताल, एजेंसी।**
शिक्षा विभाग ने पर्यटन सीजन के दौरान सहायक अध्यापकों को यातायात ड्यूटी पर लगाने का आदेश 24 घंटे में ही निरस्त कर दिया है। यातायात ड्यूटी पर लगाए गए सभी सहायक अध्यापकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह तत्काल अपनी उपस्थिति अपने मूल विद्यालय में दें।

बता दें कि नैनीताल समेत आसपास के क्षेत्रों में सीजन के दौरान पर्यटकों के बढ़ते दबाव और जिले में पुलिसकर्मियों की कमी को देखते हुए डीएम के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने अलग-अलग विद्यालयों में तैनात कई सहायक अध्यापकों को नैनीताल क्षेत्र में यातायात ड्यूटी संभालने के निर्देश दिए थे। शुक्रवार और शनिवार को सहायक अध्यापकों और बाबुओं ने यातायात व्यवस्था संभालने में पुलिस की मदद भी की। विभागीय अधिकारियों के इस तुगलकी फरमान का राजकीय शिक्षक संघ ने कड़ा विरोध किया था। शनिवार को यह मामला अखबारों की सुर्खियों में छाया रहा। इस खबर को लेकर शिक्षकों में ही नहीं, बल्कि आम लोगों में भी खूब चर्चा रही। लोगों ने भी विभाग के इस आदेश को पूरी तरह गलत करार दिया था। इसे देखते हुए शनिवार की शाम जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) पुष्कर लाल टम्टा ने नया आदेश जारी किया। जिसमें कहा गया कि ट्रैफिक जाम के निराकरण के लिए सात जून से 13 जून तक सहायक अध्यापकों को सहयोग के लिए नामित करने संबंधी आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है। इस आदेश में संबंधित शिक्षकों को अपने मूल तैनाती वाले विद्यालयों में अपनी उपस्थिति देने के भी निर्देश दिए गए हैं।

सम्पादकीय

# तीसरी ताजपोशी

नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। जिस दौर में यह प्रतिष्ठा और स्वीकृति जवाहर लाल नेहरू को मिली थी, तब कांग्रेस का ही वर्चस्व था। तीनों बार कांग्रेस को बहुमत हासिल हुआ था। आज स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर पर राजनीतिक दलों का प्रभाव है, लिहाजा जनादेश भी विभाजित और खंडित आते हैं। बेशक मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, लेकिन उनकी पार्टी भाजपा को बहुमत हासिल नहीं हुआ है। वह 240 सीटें ही जीत सकी है। मोदी भाजपा-एनडीए संसदीय दल के नेता के तौर पर प्रधानमंत्री बने हैं। गठबंधन को 293 सीटें मिली हैं। विविधता का ऐसा गठबंधन चमत्कार से कम नहीं है, लिहाजा लगातार तीसरी बार की ताजपोशी भी चमत्कार है। सवाल और संदेह उठाए जा रहे हैं कि चंद्रबाबू नायडू की तेलुगुदेशम पार्टी (टीडीपी) और नीतीश कुमार का जद-यू आखिर कब तक मोदी सरकार का समर्थन करते रहेंगे? वे दोनों दल आंध्रप्रदेश और बिहार में भाजपा गठबंधन में हैं। आंध्र के नए जनादेश में प्रधानमंत्री मोदी के आह्वानों और संबोधनों का भी योगदान है, नतीजतन नायडू 12 जून को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। बेशक नायडू 2019 में विपक्षी गठबंधन का एक हिस्सा थे और नीतीश ने 2023 तक विपक्षी गठबंधन इंडिया को लामबंद करने की कोशिशें कीं, लेकिन यह उनका राजनीतिक अतीत था। अब वे पूरी तरह मोदी और भाजपा के साथ हैं। आम चुनाव भी साथ-साथ लड़े हैं।

वे परस्पर पूरक हैं, क्योंकि आंध्र और बिहार को केंद्र सरकार से जो आर्थिक मदद चाहिए, वह मोदी सरकार ही दे सकती है। आंध्र पर 3.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है और उसे अपनी नई राजधानी बनानी है। हालांकि मोदी सरकार के पहले कालखंड के दौरान नायडू की ऐसी ही मांगों के कारण केंद्र से खटपट हुई थी। आज टीडीपी 16 सांसदों के साथ एनडीए की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है और भाजपा की सरकार उसके भरोसे है। हमें नायडू की राजनीतिक शख्सियत के एक और पहलू पर भी ध्यान देना चाहिए कि वह बेहिसाब सियासी मोल-तोल के अभ्यस्त हैं। बहरहाल प्रधानमंत्री मोदी ने अगले दशक के लिए सुशासन, समग्र विकास और आम आदमी की जिंदगी में सुधार के लक्ष्य तय किए हैं, लेकिन कुछ विरोधाभास ऐसे हैं कि सुशासन के लिए जरूरी आर्थिक नीतियां प्रभावित हो सकती हैं। आंध्र-बिहार को विशेष दर्जा, अग्निवीर योजना, मुस्लिम आरक्षण और तुष्टिकरण, जातीय जनगणना, समान नागरिक संहिता आदि आर्थिक मुद्दे नहीं हैं, लेकिन इनके कारण सुशासन, समावेशी, समन्वय की दशा और दिशा जरूर प्रभावित होगी। यदि ये प्रभाव और दबाव प्रधानमंत्री मोदी को महसूस करने पड़ते हैं, तो सरकार और सुशासन के इकबाल पर सवाल उठाए जा सकते हैं। यह यक्ष-प्रश्न देश के सामने है कि ऐसे विरोधाभासी गठबंधन वाली सरकार कब तक चलेगी? आंध्र और बिहार दोनों ही विपन्न राज्य हैं। उन्हें केंद्र सरकार की विशेष आर्थिक मदद की दरकार है। राज्यों को विशेष दर्जा दिया जाए, यह मुद्दा और मांग दोनों ही राज्यों में प्रबल है। इस संदर्भ में वित्त आयोग और नीति आयोग की अपनी सीमाएं हैं। नायडू और नीतीश की विवशता यह भी है कि उन्हें अनुभव है कि यदि विपक्षी गठबंधन में शामिल हुआ जाए, तो कांग्रेस नेतृत्व की सरकार उन्हें आर्थिक मदद नहीं देगी, बल्कि मध्यावधि चुनाव के आसार ज्यादा बन जाएंगे, लिहाजा दोनों नेता फिलहाल मोदी सरकार के साथ ही रहना चाहते हैं। नायडू और नीतीश जानते हैं कि गठबंधन को लेकर देश उन पर शक कर रहा है।

# विपक्ष हार कर भी जीत गई

विनोद ताकियावाला

18वीं लोक सभा चुनाव में विपक्ष कर्ण की तरह लड़ी। विश्व के सबसें बड़े लोकतंत्र भारत ने एक पुनः साबित कर भारत ही सचमुच में प्रजातंत्र की जननी है। 18वें लोक सभा चुनाव जो कि विषम परिस्थितियों में सबसे लम्बी अविधि चलने के समाप्त हो चुकी है। इस लोक सभा के साधारण चुनाव के परिणाम नें यह एक बार पुनः साबित कर प्रजातंत्र में जनता ही जनार्दन है। जनता जनार्दन ने विपक्षी दलों को अपना समर्थन दिया है। भले ही विपक्ष जीता न हो लेकिन उसने भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी का घमंड जरूर तोड़ दिया है। जिसका सबसे बड़ा प्रमाण मोदी की गारंटी व तुष्ट्रीकरण वाली एजेडें का नकारते हुए भाजपा को करारा जबाब दिया है। यही कारण भाजपा बहुमत के आंकड़े से पीछे रह गई है। सता के लोभ में अपनी नीति को ताख पर रखते हुए गठबन्धन करते हुए अपने घुटने टेक दिए। वे जिस नेहरू को पानी पी पी कर दस साल गाली देते रहे उन्हीं के रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए लगातार तीसरी बार शपथ जरूर लेने जा रहे हैं लेकिन सरकार चलाने के लिए उन्हें चन्द्र बाबु नायडू और नीतीश कुमार सता सिंघासन पर आशीन होने के गठबन्धन करना पड़ा है वही विपक्ष चुनावी समर क्षेत्र महा भारत के कर्ण की तरह लोक सभा चुनाव लड़ी है। जैसा कि सर्वविदित सन 2024 का चुनावी महाभारत समाप्त हो गया है। इस बार चुनावी समर क्षेत्र को देखने के बाद मुझे महाभारत का एक प्रसंग याद आ रहा है। जब अर्जुन और कर्ण के बीच धर्म युद्ध हो रहा था। कुरुक्षेत्र के मैदान में अर्जुन जब वाण चलाते थे तो बाणों के वेग से कर्ण का रथ मीलों पीछे चला जाता था, लेकिन जब कर्ण वाण चलाता था तो अर्जुन का रथ महज तीन कदम पीछे जाता था। इसके बाबूजूद अर्जुन के सारथी बने स्वयं भगवान कृष्ण के मुंह से निकल पड़ता था-वाह कर्ण वाह.... अर्जुन को कृष्ण के मुंह से कर्ण की तारीफ सुनकर अच्छा नहीं लगता था। वे दुखी हो रहे थे। आखिर में ऊर्जून नेअपनी नाराजगी जताते हुए श्री कृष्ण से पूछा- हे वासुदेव मैं जब तीर चलाता हूं तो कर्ण का रथ मीलों पीछे चला जाता है और वह जब वाण चलाता है तो मेरा रथ सिर्फ तीन कदम पीछे हटता है। फिर भी आप मेरी बजाय कर्ण की तारीफ करते हैं। तब कृष्ण ने अर्जुन को सच्चाई बताई। कृष्ण ने अर्जुन कहा कि वे स्वयं उनके रथ पर तीनों लोकों का भार लेकर बैठे हैं। इसके अलावा रथ पर फहरा रही पताका पर हनुमान जी रोम-रोम में पहाड़ बांधकर सवार थे। इतना वजन होने के बावजूद कर्ण अपने बाणों से अर्जुन के रथ को तीन कदम पीछे ढकेल देता था। *18 वीं लोक सभा चुनाव में विपक्ष कर्ण की तरह लड़ी। विश्व के सबसें बड़े लोकतंत्र भारत ने एक पुनः साबित कर भारत ही सचमुच में प्रजातंत्र की जननी है।

मुझे भी इस लोक सभा चुनाव में भी वही सब देखने को मिला। एक तरफ स्वयं भीष्म पितामह की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनके चाणक्य अमित शाह और योगी आदित्यनाथ तथा राजनाथ सिंह समेत भाजपा सासित प्रदेशों के मुख्य मंत्री उनके दर्जनों सहयोगी थे। 10 वर्ष तक केंद्र सरकार-सरकारी तंत्र थे, दूसरी राहुल गांधी व थे व उसके सहयोगियों में अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, स्टालिन आदि कम नामधारी क्षेत्रीय दलों के नेता थे आखिर में पश्चिमी बंगाल के योद्धा ममता बनर्जी नें इस लड़ाई में साथ नहीं ही आईं। वे विपक्ष के खेमे में जरूर थीं लेकिन उन्होंने अपना डेरा अलग से जमा रखा था। इसके अलावा मोदी जी के पास तमाम .संसाधन व सरकारी तंत्र थे। सता में रहने के कारण घन के देवता कुबेर का चुनावी चन्दा रूप बांड से उगाहे गए हजारों करोड़ रुपये, चुनाव आयोग और दूसरी सरकारी एजेंसियों, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ), सीबीआई और इनकम टैक्स विभाग, गोदी मीडिया और सर्वे करनी वाली मायावी राक्षसी प्रवृत्ति वाली एजेंसियों की ताकत थी जो आखिरी समय तक विपक्षी नेताओं को परेशान करती रही। इसके बावजूद विपक्षी नेताओं ने मोदी जी के दांत खट्टे कर दिये। सम्पूर्ण देश में मोदी की गारंटी, राम मन्दिर ह्यमंगल सुत्र हिन्दु खतरे में के सहारे 400 पार की गगन भेदी घोषणा करने वाले की टीम थी। भारतीय मतदाताओ नें मोदी जी के विजय रथ को 240 सीटो व सहयोगी दलों एन डी ए 290 में ही जबरदस्त ब्रेक लगा दिया है। बीजेपी को उन्होंने पूर्ण बहुमत नहीं पाने दिया। 18वें लोक सभा चुनाव जो कि विषम परिस्थितियों में सबसे लम्बी अविधि चलने के समाप्त हो चुकी है। इस लोक सभा के साधारण चुनाव के परिणाम नें यह एक बार पुनः साबित कर प्रजातंत्र में जनता ही जनार्दन है। नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री पद पाने के लिए गठबन्धन कर लिया। परिणाम स्वरूप राजनीति पंडितओं में चर्चा व चिन्तन का दौर शुरू हो गया है कि मोदी जी जो कल तक विश्वगुरु भारत को बना रहा था ह्यअच्छे दिन का राग अलाप रहे ह्य हिन्दु राष्ट्र बनाने का सपना देख रहे है। हमने राम को लाये है। राम को लाने वाले को जनता लायेगी। इसी बल पर अबकी बार 400 पार का गर्जना करते थक नही रहें थें-उन्हे केन्द्र में सता के सिंघासन पर आसीन होने के लिए चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार के हाथ थाम कर वैसाखी लेने को मोदी मजबुर हो गई है। राजनीतिक पंडितओ के माने तो मोदी जी के 36 के आंकड़े न भी हों तो मधुर संबंध तो नहीं ही हैं। इस चुनाव की सबसे खास और बीजेपी के लिए सबसे खतरनाक बात यह है कि भारत के उत्तर और पश्चिम उसके अभेद्य किले को विपक्ष ने भेद दिया है। कहीं ध्वस्त किया है तो कहीं बड़ा नुकसान पहुंचाया है। दिल्ली की सता के द्वारा देश के सबसे बड़े और महत्वपूर्ण राज्य उत्तर प्रदेश में उन्होंने बीजेपी को धूल चटा दी है। आप को बता दे कि पिछले लोक सभा चुनाव में 62 सीट जीतने वाली बीजेपी को इस बार 33 सीटों पर समेट दिया है। राजस्थान मे बराबरी से मुकाबला किया है।

# नई सरकार से मजबूत होगी आर्थिकी

स्थिति यह है कि देश की बेहतर आर्थिकी के परिप्रेक्ष्य में दुनिया की क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां यह कहते हुए दिखाई दे रही हैं कि भारत में कोई भी सरकार बने, अब आर्थिकी तेज गति से मजबूत होगी। खास बात यह भी है कि 7 जून को एनडीए के संसदीय बोर्ड की बैठक में जिस तरह से गठबंधन के समर्थक नेताओं के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सराहना दी गई और विकसित भारत के लिए हर तरह का योगदान देने का संकल्प दोहराया गया, उससे निश्चित रूप से देश की अर्थव्यवस्था और तेज गति से आगे बढ़ेगी। उल्लेखनीय कि हाल ही में केंद्रीय सांख्यिकी संगठन ने वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर 8.2 फीसदी रहने संबंधी रिपोर्ट जारी की है। वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों के मुताबिक आर्थिक व वित्तीय बाजार मजबूत हो रहे हैं। भारत के वित्तीय और गैर वित्तीय क्षेत्रों के दमदार बही-खाते भारत की आर्थिक ताकत बढ़ा रहे हैं। रिजर्व बैंक के द्वारा भारत सरकार को दिया गया रिकॉर्ड लाभांश, वैश्विक आर्थिक संगठनों के द्वारा भारत के विकास के नए-नए प्रभावी विश्लेषण प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इन सबके साथ-साथ नई सरकार से देश की अर्थव्यवस्था को नई शक्ति मिलने की संभावनाओं से देश की अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ आगे बढे के शुभ संकेत देते हुए दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि हाल ही में दुनिया की प्रसिद्ध क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, तेज आर्थिक सुधार और बढ़ती राजकोषीय मजबूती के मद्देनजर भारत की रेटिंग को स्थिर यानी स्टेबल से बदलकर पॉजिटिव कर दिया है।





**डा. जयंतीलाल भंडारी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

चार जून को 18वीं लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब बनने वाली एनडीए के तीसरे कार्यकाल की नई सरकार देश को आर्थिक विकास की डगर पर तेजी से आगे बढ़ाएगी। निश्चित रूप से देश को एक बेहतर आर्थिक परिवेश के साथ बेहतर मानसून की सौगातें विरासत में मिलते हुए दिखाई दे रही हैं। स्थिति यह है कि देश की बेहतर आर्थिकी के परिप्रेक्ष्य में दुनिया की क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां यह कहते हुए दिखाई दे रही हैं कि भारत में कोई भी सरकार बने, अब आर्थिकी तेज गति से मजबूत होगी। खास बात यह भी है कि 7 जून को एनडीए के संसदीय बोर्ड की बैठक में जिस तरह से गठबंधन के समर्थक नेताओं के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सराहना दी गई और विकसित भारत के लिए हर तरह का योगदान देने का संकल्प दोहराया गया, उससे निश्चित रूप से देश की अर्थव्यवस्था और तेज गति से आगे बढ़ेगी। उल्लेखनीय कि हाल ही में केंद्रीय सांख्यिकी संगठन ने वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर 8.2 फीसदी रहने संबंधी रिपोर्ट जारी की है। वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों के मुताबिक आर्थिक व वित्तीय बाजार मजबूत हो रहे हैं। भारत के वित्तीय और गैर वित्तीय क्षेत्रों के दमदार बही-खाते भारत की आर्थिक ताकत बढ़ा रहे हैं। रिजर्व बैंक के द्वारा भारत सरकार को दिया गया रिकॉर्ड लाभांश, वैश्विक आर्थिक संगठनों के द्वारा भारत के विकास के नए-नए प्रभावी विश्लेषण प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इन सबके साथ-साथ नई सरकार से देश की अर्थव्यवस्था को नई शक्ति मिलने की संभावनाओं से देश की अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ आगे बढे के शुभ संकेत देते हुए दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि हाल ही में दुनिया की प्रसिद्ध क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, तेज आर्थिक सुधार और बढ़ती राजकोषीय मजबूती के मद्देनजर भारत की रेटिंग को स्थिर यानी स्टेबल से बदलकर पॉजिटिव कर दिया है। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि पिछले तीन साल में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की औसत वास्तविक वृद्धि दर 8.1 फीसदी सालाना रही है और अब यह विकास दर अगले तीन साल में लगातार 7 फीसदी के करीब होगी। दुनिया के प्रसिद्ध इन्वेस्टमेंट बैंकर गोल्डमैन सैक्स ने अपनी नई रिपोर्ट में कैलेंडर वर्ष 2024 में भारत की विकास दर को बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है। चालू वित्त वर्ष में विकास दर बढे संबंधी अन्य महत्वपूर्ण नई रिपोर्टों के तहत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने 6.8 प्रतिशत, एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने 7 प्रतिशत तथा विश्व बैंक ने 7.5 प्रतिशत विकास दर रहने के अनुमान व्यक्त किए हैं। देश और दुनिया के प्रमुख अर्थ विशेषज्ञों का मत है कि भारत की विकास दर आगामी दशक तक 6.5 से 7 प्रतिशत के स्तर पर दिखाई देगी। विभिन्न आर्थिक रिपोर्टों में इस बात को भी रेखांकित किया जा रहा है कि भारत में वर्ष 2023-24 में प्रत्यक्ष कर (डायरेक्ट टैक्स) संग्रह 17.7 फीसदी बढकर 19.58 लाख करोड रुपए हो गया है। इसी तरह से 2023-24 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) उच्चतम स्तर पर रहा है। इसका आकार 20.18 लाख करोड़ रुपए रहा है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 11.7 फीसदी अधिक है। कर संग्रह के ये चमकीले आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था में तेज उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट सेक्टर की आमदनी में वृद्धि को दशार्ते हैं।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि जिस तरह से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के द्वारा हाल ही में भारत सरकार के लिए अब तक के सबसे अधिक लाभांश की राशि सुनिश्चित की गई है, वहीं दूसरी ओर देश के शेयर बाजार ने पिछले 10 वर्षों में जो ऊंचाइयां प्राप्त की हैं, उससे दुनिया भर में भारत के नए तेज विकास की नई संभावनाएं आगे बढ़ी हैं। रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपए लाभांश देने की मंजूरी दी है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में सरकार ने रिजर्व बैंक और सरकारी बैंकों के लाभांश से 1.02 लाख करोड़ रुपए मिलने का अनुमान लगाया था। ऐसे में रिजर्व बैंक द्वारा दिया जाने वाला लाभांश बजट अनुमान की तुलना में 107 फीसदी ज्यादा है। यह एक तरह से सरकार के लिए मौजूदा वित्त वर्ष में 1.09 लाख करोड़ रुपए के अप्रत्याशित लाभ जैसा है। इतना ही नहीं, रिजर्व बैंक ने पहली बार आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) बढ़ाकर 6.5 फीसदी कर दिया गया है, जो पहले 6 फीसदी था। रिजर्व बैंक ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है, इसीलिए वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आकस्मिक जोखिम बफर बढ़ाकर 6.5 फीसदी करने का निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक के द्वारा सरकार को रिकॉर्ड लाभांश के दिए जाने के निर्णय और वैश्विक आर्थिक संगठनों व वैश्विक क्रेडिट एजेंसियों के द्वारा वर्ष 2024-25 में भारत की ऊंची विकास दर के अनुमानों के बाद भारतीय शेयर बाजार को लाभ मिला। यह उल्लेखनीय है कि शेयर बाजार और निवेशकों को उम्मीद थी कि 4 जून के लोकसभा चुनाव परिणामों से भाजपा और एनडीए को भारी बढ़त मिलेगी, लेकिन चुनाव में भारी अनुमान के मुताबिक ऊंचाई नहीं होने के कारण शेयर बाजार की उम्मीदें पूरी नहीं हो पाई हैं। फिर भी यह कोई छोटी बात नहीं है कि बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पांच लाख करोड़ डॉलर के पार पहुंचने के साथ ही भारत इस मुकाम तक पहुंचने वाला दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा देश बन गया है। कोरोना काल के बाद भारतीय घरेलू खुदरा निवेशकों की रुचि शेयर बाजार में बढ़ी है। साथ ही पिछले 10 साल में डीमेंट अकाउंट 2.3 करोड़ से बढकर 15 करोड़ हो गए हैं और म्यूचुअल फंड निवेशकों की संख्या एक करोड़ से बढकर 4.5 करोड़ हो गई है। स्थिति यह है कि पिछले 10 साल में शेयर बाजार कहां से कहां पहुंच गया है। लाखों छोटे निवेशक आज उत्साहपूर्वक बाजार से जुड़े हैं। भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार है और वैश्विक निवेशकों का भरोसा भी भारत के शेयर बाजार पर बढ़ा है। अब ऐसी आर्थिक मजबूती से देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में वृद्धि होगी। यह देश की उत्पादक क्षमता बढ़ाएगा और वृद्धि की संभावनाओं को बेहतर करेगा। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत के प्रति बढ़ते आर्थिक आकर्षण से न केवल देश में ज्यादा एफडीआई लाने में मदद मिलेगी, बल्कि यह विदेशी कंपनियों और निवेशकों को इस बात के लिए भी प्रोत्साहित करेगा कि वे भारत से हुई कमाई को फिर भारत में ही निवेश करने के लिए तत्पर रहें।

# मप्र की मोहन सरकार अब कड़े फैसलों की तैयारी में

यूं तो इस बार के नतीजे अलग-अलग राज्यों के लिहाज से अलग देखे जाएंगे। लेकिन जहां तक मध्य प्रदेश और दिल्ली की बात है, भाजपा ने क्लीन स्वीप किया। निश्चित रूप से इसका श्रेय दिल्ली भाजपा संगठन तो मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश संगठन को जाता है। प्रदेश के सीमावर्ती राज्यों में जिस तरह की बयार बह रही थी उसके बावजूद हवा के रुख का जरा सा भी असर नहीं होना बताता है कि कहीं न कहीं इसके लिए डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की तैयारियां अचूक थीं। छिंदवाड़ा की जीत यही बताती है। प्रदेश की सीमाओं की बात करें तो उत्तर में उत्तर प्रदेश, दक्षिण में महाराष्ट्र, उत्तर-पश्चिम में राजस्थान, पश्चिम में गुजरात औरपूर्व में छत्तीसगढ़ जहां हर जगह भाजपा को वो क्लीन स्वीप नहीं मिली जो कि मध्य प्रदेश और दिल्ली में एकतरफा थी। इस बात को कैसे नकार सकता है कि यह बिना मेहनत संभव हुआ होगा? वह भी उन हालातों में जब मतदाताओं ने यहां भी खामोशी अख्तियार की हुई थी। शायद इसी मुगालते में कांग्रेस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही औरखामोश मतदाताओं ने मोदी-मोहनके भरोसे पर भाजपा की पूरी झोली भर दी। मुख्यमंत्री बनते ही डॉ. मोहन यादव के कड़े फैसलों जिसमें बेलगाम लाउड स्पीकरों सहित मांस, मटन की खुले आम बिक्री पर लगाम लगाना अहम रहा। सख्ती के साथ सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन कराने केतल्ख संदेश को हर वर्ग ने सराहा। यहीं से उनकी अलग छाप दिखी। इसके अलावा प्रदेश में बढ़ते बल्कि बेखौफ हो चुके माफिया राज को भी न केवल काबू किया बल्कि ताबड़तोड़ कार्रवाई करवो किया जो अब तक नहीं हुआ। इसी बीच नर्सिंग घोटाले, बिगड़ी कानून व्यवस्था दुरुस्त करने, निजी स्कूल माफियाओं पर सख्तीने साफ कर दिया कि जो चलता था, अब नहीं चलेगा।





**ऋतुपर्ण दवे**
**सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक,**

आम-चुनाव 2024 के नतीजे भले ही खिचड़ी हों। लेकिन मप्र में मोदी-मोहन मैजिक चला इससे कोई इंकार नहीं कर सकता। यूं तो इस बार के नतीजे अलग-अलग राज्यों के लिहाज से अलग देखे जाएंगे। लेकिन जहां तक मध्य प्रदेश और दिल्ली की बात है, भाजपा ने क्लीन स्वीप किया। निश्चित रूप से इसका श्रेय दिल्ली भाजपा संगठन तो मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश संगठन को जाता है। प्रदेश के सीमावर्ती राज्यों में जिस तरह की बयार बह रही थी उसके बावजूद हवा के रुख का जरा सा भी असर नहीं होना बताता है कि कहीं न कहीं इसके लिए डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की तैयारियां अचूक थीं। छिंदवाड़ा की जीत यही बताती है। प्रदेश की सीमाओं की बात करें तो उत्तर में उत्तर प्रदेश, दक्षिण में महाराष्ट्र, उत्तर-पश्चिम में राजस्थान, पश्चिम में गुजरात औरपूर्व में छत्तीसगढ़ जहां हर जगह भाजपा को वो क्लीन स्वीप नहीं मिली जो कि मध्य प्रदेश और दिल्ली में एकतरफा थी। इस बात को कैसे नकार सकता है कि यह बिना मेहनत संभव हुआ होगा? वह भी उन हालातों में जब मतदाताओं ने यहां भी खामोशी अख्तियार की हुई थी। शायद इसी मुगालते में कांग्रेस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही औरखामोश मतदाताओं ने मोदी-मोहनके भरोसे पर भाजपा की पूरी झोली भर दी।

मुख्यमंत्री बनते ही डॉ. मोहन यादव के कड़े फैसलों जिसमें बेलगाम लाउड स्पीकरों सहित मांस, मटन की खुले आम बिक्री पर लगाम लगाना अहम रहा। सख्ती के साथ सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन कराने केतल्ख संदेश को हर वर्ग ने सराहा। यहीं से उनकी अलग छाप दिखी। इसके अलावा प्रदेश में बढ़ते बल्कि बेखौफ हो चुके माफिया राज को भी न केवल काबू किया बल्कि ताबड़तोड़ कार्रवाई करवो किया जो अब तक नहीं हुआ। इसी बीच नर्सिंग घोटाले, बिगड़ी कानून व्यवस्था दुरुस्त करने, निजी स्कूल माफियाओं पर सख्तीने साफ कर दिया कि जो चलता था, अब नहीं चलेगा। इससे प्रदेश की बेलगाम अफसरशाही को भी सख्त संदेश गया। कई मौकों पर आचार संहिता के चलते भी अड़चनें आईं लेकिन बावजूद इसके अपनी सीमा में जो किया वह भी बड़ा ही था। चुनाव के तीसरे चरण के दौरान शहडोल में रेत माफियाओं द्वारा एक पुलिस अधिकारी को ट्रैक्टर से रौंदकर मार डालने, शहडोल संभाग मुख्यालय में ही नाबालिग बालिका से गैंगरेप की घटना ने सबका ध्यान खींचा। लेकिन घटना में शामिल सभी आरोपी न केवल तुरंत धरे गए बल्कि सभी के अवैध निमार्णों को जमींदोज कर सीखचों में पहुंचा अपना सख्त पैगाम फिर दे दिया। निश्चित रूप से इस सख्ती का पूरे प्रदेश में बड़ा संदेश गया।

प्रदेश मे बेलगाम हो चुके खनन माफियाओं पर देखते ही देखते दर्जनों से सैकड़ो मेंहुई ताबड़तोड़ कार्रवाइयों से संगठित, सिंडीकेट के रूप में काम करने वाले लोग सकते में आ गए। सीधी, सिंगरौली, शहडोल, देवास, सीहोर, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, खरगौन, हरदा में पचासों करोड़ रुपए के पोकलिन मशीनें, पनडुब्बी सहित रेत ढ़ोने वाले हाइवा, ट्रेक्टर जप्त हुए। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पूरे प्रदेश में किस कदर खनन माफिया हावी रहे जिनकी जडें बहुत गहरी और अर्से से हैं। अवैध रेत निकासी, अवैध कोयला खदानों पर भी धड़ाधड़ गाज गिरने लगी। कोयला-रेत उत्खनन का गढ़ बनते शहडोल में ही मई के आखिरी सप्ताह तक 74 मामलों में 5 करोड़ 19 लाख रुपयों से ज्यादा का जुमार्ना लगाकर नवागत कलेक्टर तरुण भटनागर ने बता दिया कि शासन-प्रशासन और डॉ. मोहन यादव की मंशा क्या है। इसी तरह ड्रग माफियाओं पर भी जबरदस्त नकेल कसी गई। मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए जहां-तहां अवैध गांजे व नशीली दवाइयों की खेप पकड़ी जाने लगीं। शायद ही कोई दिन जाता हो जब प्रदेश में कहीं न कहीं ऐसी कार्रवाई न दिखती हो।

अब प्रदेश में जिलों और संभागों की नई सीमाओं के पुनर्गठन की तैयारी है। इसकी अर्से से मांग थी। प्रदेश की आधी से ज्यादा आबादी को संभाग या जिला मुख्यालय पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। जबकि दूसरा जिला मुख्यालय उनके करीब होता है। राज्य में सीमा पुर्नगठन आयोग 10 संभागों व 55 जिलों की भौगोलिक समीक्षा कर तमाम विसंगतियों को दूर करेगा और लगभग एक वर्ष में अपना काम पूरा कर लेगा।

मुख्यमंत्री की विशेष निगाहें राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर है। हाल में स्कूल माफियाओं जिसमें निजी स्कूलों और प्रकाशकों की सांठगांठ पर बड़ी कार्रवाई जबलपुर, शहडोल सहित कई जिलों में होना बताता है कि सरकारी स्कूलों के दिन फिर बहुरने वाले हैं। दरअसल मप्र में जनजातीय कार्य विभाग व स्कूल शिक्षा विभाग की दोहरी व्यवस्था है। जहां-जहां जनजातीय विभाग के अधीन शिक्षा व्यवस्था है वहां पर भारी अव्यवस्थाएं सामने हैं। कहीं अपात्रों को बड़ी संस्थाओं का मुखिया बना देना कहीं जूनियरनौसिखियों के हाथों में कन्या छात्रावासों की जिम्मेदारी तो बड़ी-बड़ी स्कूलों काप्रभार सौंपने का बहुत बड़ा खेल हुआ है। इतना ही नहीं बीते वर्ष प्रधानमंत्री मोदी की शहडोल यात्रा के बाद चर्चा में आए शहडोल के पकरिया में व्यवस्थाओं का नहीं बदलना खूब सुर्खियों में रहा। एक अदद नियमित अंग्रेजी लेक्चरर को तब भी और अब भी पकरिया का पोषण स्कूल और पूरा करीबी आदिवासी अंचल तरस रहा है। वहीं जनजातीय कार्य विभाग की असीम कृपा से पकरिया से 5 किमी दूर धनपुरी कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल है जहां झूठी जानकारी देकर अंग्रेजी के दो-दो लेक्चरर अब भी तैनात हैं। तत्कालीन जिला प्रशासन ने प्रधानमंत्री के दौरे और तब दो-दो बार तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के आने, रुकने के दौरान यह बात चतुराई से छिपाई थी। निश्चित रूप से ऐसी विसंगतियां और उदाहरण पूरे प्रदेश में सुनाई देते हैं। कहीं अतिशेष तो कहीं युक्तियुक्तकरण के मनमाने मायने निकाल बेखौफ संकुल प्रभारियों का खेला और डेपुटेशन के जरिए कमाने कोजरिए से भी डॉ. यादव वाकिफ हैं। कई बार संकुल व्यवस्था खत्म करने की बातें हुईं। अब इसको लेकर भी बड़ी कार्रवाई की बात भोपाल में सुनने आ रही है। प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग में सुधार को लेकर बड़ी रणनीति बन रही है तो जनसरोकारों से जुड़े हर विभाग की व्यक्तिगत समीक्षा और निगरानी की योजना चचाओं में है।

मध्य प्रदेश में भाजपा द्वारा आम चुनाव में क्लीन स्वीप के बाद राज्य सरकार की जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है। निश्चित रूप से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लेकर स्वनामधन्यों का भ्रम टूटता जा रहा है। आचार संहिता खत्म हो चुकी है। विभागों की समीक्षा जारी है। जल्द ही व्यापक स्तर पर बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की तैयारी है। अधिकारियों से लेकर बरसों से एक ही कुर्सी पर विराजे छोटे-बड़े मुलाजिमों की विदाई के साथ झूठी जानकारी देकर कुण्डली मार जमने वालों के बदले जाने की चचाएं हैं। जैसा सुनने में आ रहा है इस बार दलाल संस्कृति के बजाए मुख्यमंत्री अपनी विश्वनीय टीम और भरोसेमंदों से जानकारियों के आधार पर जिले से लेकर तहसील कार्यालयों सहित दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के सराकरी स्कूलों, स्वास्थ्य सुविधाओं, ग्राम पंचायतों तक में बड़ा परिवर्तन कर सकते हैं। फर्जी जानकारियों के बूतेकुण्डली मारकर बैठे स्वनामधन्यों को नए ठिकानों पर रुखसत किया जाना तय माना जा रहा है। मध्य प्रदेश में शासन स्तर पर अब जैसी कार्रवाइयों की तैयारियां हैं उससे लोगों में एक नई उम्मीद जरूर बंधी है। यदि सब कुछ योजनाबध्द चला तो वह दिन दूर नहीं जब देश में मध्य प्रदेश और डॉ. मोहन यादव मॉडल अपनी अलग प्रशासनिक पहचान बनाकर देश कोनया संदेश देगा।

# अपनी ही गलतियों का खामियाजा भुगता भाजपा ने पश्चिम बंगाल में

पूरन चन्द्र शर्मा

पश्चिम बंगाल में एक बार फिर ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने लोकसभा की सीटों पर भाजपा से बढ़त बना ली है। इस बार बंगाल की कुल 42 सीटों में से 29 तृणमूल को, एक कांग्रेस को और भाजपा को 12 सीटें मिली है। भाजपा को इस बार पिछले चुनाव की तुलना में 6 सीटों का नुकसान हुआ है। पिछली लोकसभा में भाजपा ने बंगाल में 16 लोकसभा सीटें जीती थीं। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी को अभी तक जो भी सफलता मिलती आयी है वह सब आरएसएस एवं कुछ गिने-चुने बीजेपी नेताओं के कारण मिली है। चुनाव के समय तो ये शेष तथाकथित नेता अति सक्रिय दिखते हैं पर चुनाव संपन्न हो जाने के बाद आम जनता से कट जाते हैं। यही सिलसिला चलता रहता है। पश्चिम बंगाल में जमीन से जुड़े बीजेपी नेता होते तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह को इतनी सारी चुनावी सभाएं एवं रैलियां करने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। जैसा कि सभी जानते हैं कि ममता बनर्जी एक दिन में ही राज्य की मुख्यमंत्री नहीं बनी है। ममता बनर्जी के संघर्ष की कहानी बहुत लंबी है, फिल्मी कहानी की तरह। ममता बनर्जी को तत्कालीन सत्तासीन वामपंथी पार्टी के असहनीय जुल्म सहने पड़े थे। वामपंथी सरकार ने ममता बनर्जी को अपने रास्ते से हटाने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए पर वामपंथी सफल नहीं हुए। ममता बनर्जी ने अपनी अभूतपूर्व दिलेरी का परिचय देते हुए तत्कालीन वामपंथी सरकार का जमकर मुकाबला किया। खूब संघर्ष किया, सालों तक लगातार जुल्म सहे, ना कभी झुकी ना ही हार मानी। काफी लंबे संघर्ष के बाद ममता बनर्जी ने वाममोर्चा के 34 साल के शासन को धराशायी कर दिया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जो अपने आपको देश को आजादी दिलाने वालीं पार्टी बताती है उसने भी वामपंथी पार्टी के सामने घुटने टेक दिए थे। आज कांग्रेस पार्टी का राज्य से सूपड़ा साफ हो चुका है। इस बार के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी पर चुनावी नतीजे पहले से भी ज्यादा खराब हुए हैं। टीएमसी सरकार के अनगिनत घोटालों के बाबजूद भी बंगाल की जनता ने ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस सरकार को गले लगाया एवं भारतीय जनता पार्टी को नकार दिया। ऐसा क्यों हुआ। किन कारणों से भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार को ही यहां की जनता को मजबूरन स्वीकारना पड़ा। ईमानदारी से कहें तो आज भी भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से बंगाल की विश्वसनीय पार्टी नहीं बन पाई है। बंगाल के भाजपा नेता अपने आप को जनता के काबिल नहीं बना पाये हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने अपने कार्यकताओं का मनोबल गिराया है। चुनावी हिंसा के समय भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मार खा रहे हैं, घर छोड़ कर भाग रहे हैं उनके साथ एक भी नेता खड़ा नहीं दिखलाई दे रहा है। भारतीय जनता पार्टी पार्टी के बड़े नेता अपने समर्थक, कार्यकर्ता एवं मतदाताओं की सुरक्षा देने में नाकाम रहे हैं। पश्चिम बंगाल की जनता ने असुरक्षा की भावना होने के कारण ही बाध्य हो कर ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में वोट दिया है। कारण यहां के बीजेपी के मतदाताओं को भविष्य की चिंता सताती रहती है। इस बार के चुनाव में पश्चिम बंगाल की कुल 42 लोकसभा सीटों में से ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी ने 29 सीट जीती हैं। भारतीय जनता पार्टी ने 12 सीटों पर जीत हासिल की है जबकि कांग्रेस सिर्फ 1 सीट जीतने में सफल हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी पुलिस को मिले भारी मात्रा में हथियार

आरा। भोजपुर पुलिस को आज एक बड़ी उपलब्धि हाथ लगी है। जहां की सिकरहट्टा थाना अंतर्गत बड़ी घटना को अंजाम देने से पूर्व भारी मात्रा में अवैध हथियार एवं कारतूस के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संदर्भ में जानकारी देते हुए भोजपुर एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की सिकरहट्टा थाना अंतर्गत पनवारी गांव में अवैध हथियार के साथ अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में लगे हुए हैं। इस सूचना का सत्यापन अवैध हथियार की बरामदगी एवं अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी हेतु पीरो डीएसपी राहुल सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें सिकरहट्टा थानाध्यक्ष रौशन कुमार, दरोगा प्रफुल्ल, विवेक कुमार समेत अन्य सशस्त्र बल शामिल थे। उसके बाद हथियार बरामद किया गया। इनके पास एक दोनाली बंदूक, दो एकनाली बंदूक, एक देशी कट्टा, दो जिन्दा कारतूस और 15 खोखा एक साथ दो मोबाइल बरामद किए गए है। पकड़े गया आरोपित सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के पनवारी गांव निवासी स्व ईश्वर पासी के पुत्र शत्रुध्न पासी एवं जयकिशुन सिंह के पुत्र अनिष कुमार उर्फ मनीष कुमार है।

### बुनकर कल्याण संघ अध्यक्ष ने मंत्री संतोष सुमन से की भेंट

गया। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री केबिनेट मंत्री भारत सरकार और, बिहार निवास में केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री सह गया लोकसभा सांसद जीतन राम मांझी एवं बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन से गर्मजोशी से सुखद मुलाकात कर शुभकामनाएं और बधाईदिया और मानपुर पटवाटोली निर्मित गयाधाम प्रिंटिंग अंग वस्त्र से सम्मानित किया है।

### देशी शराब के साथ एक शराब तस्कर गिरफ्तार

परसा। स्थानीय थाना क्षेत्र के बलीगांव गंडक नदी घाट पर छापेमारी करते हुए पुलिस ने 60 लीटर देशी शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया.गिरफ्तार शराब तस्कर पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस ने जेल भेज दिया.गिरफ्तार शराब तस्कर मकेर थाना क्षेत्र के हसनपुरा निवासी ललन माझी का पुत्र उदन कुमार बताया जाता है।

### महिला प्रगति संस्थान द्वारा पारिवारिक मामले को सुलझाया

गया। महिला प्रगति संस्थान के अध्यक्षा मनीषा गुप्ता के पास गया का एक पारिवारिक विवादित मामला आया था, जिससे महिला प्रगति संस्थान पूरी टीम आकर गया के अजातशत्रु होटल में दोनों परिवारों के प्रिय जनों के उपस्थिति में लड़का और लड़की की समस्याओं पर गौर फरमाते हुए पूरी मामला की काउंसलिंग एवं विचार विमर्श करते हुए लगातार चार से पांच घंटे काउंसलिंग के बाद दोनों परिवारों एवं लड़का, लड़की के कर्मियों को उन्हें बताते हुए उन्हें सुधार करने के उद्देश्य से महिला प्रगति संस्थान की अध्यक्ष मनीषा गुप्ता, सुनील गुप्ता, अंतरा राय चौधरी, सोमा तरफदार एवं नम्रता आनंद के अथक प्रयास से अंततः मामला को सुलझा दिया गया है।

### युवक का शव गंगा नदी से बरामद

महनार। स्नान के दौरान गंगा नदी में डूबे महनार थाना क्षेत्र के पहाड़पुर विशनपुर पंचायत के पानापुर पहेमी गांव निवासी 18 वर्षीय युवक का शव सोमवार को गंगा नदी से बरामद कर लिया गया। इस संबंध में बताया गया कि एसडीआरएफ की टीम ने रविवार से ही तलाशी अभियान गंगा नदी में चला रखा था। इसी तलाशी अभियान के दौरान घटनास्थल के पच्चास मीटर के दायरे मेंही शव नदी से बरामद किया गया। बताया गया कि शव बरामद होने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि रविवार के दिन अपने दोस्तों के साथ गंगा नदी में स्नान करने को गया पानापुर पहेमी गांव निवासी स्वर्गीय प्रहलाद सिंह के पुत्र विवेक कुमार गंगा नदी में डूब गया था। जिसके बाद से ही उसके शव की तलाश की जा रही थी। अंचलाधिकारी ने एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर शव की तलाशी अभियान में लगाया। जिसके बाद रविवार सोमवार को शव बरामद हो सका। शव बरामद होने की सूचना के बाद से परिवार के सदस्यों की चीख पुकार मच गई।

### रौनियार भोजपुर जिला युवा अध्यक्ष बने श्री राजू कुमार

आरा। पूर्व डीजीपी श्री अशोक कुमार गुप्ता जी के कार्यालय में, बिहार प्रदेश युवा इकाई, कोर कमिटी के बैठक के, निर्णय के आधार पर, सभीलोगों की सहमति लेकर, भोजपुर जिला युवा अध्यक्ष पद पर श्री राजू कुमार जी को मनोनीत किया गया है। कोर कमिटी के सदस्य श्री रंजन गुप्ता, रौनियार युवा महासचिव बिहार श्री अजित रौनियार, सामाजिक सचेतक श्री विकास रौनियार, प्रदेश सचिव और सन्तन रौनियार युवा अध्यक्ष मनोनीत पत्र प्रदान करते हुए। भोजपुर जिला युवा अध्यक्ष बनने पर लगा बधाईयों का तांता - आरा नगर अध्यक्ष श्रीकिशुन प्र. गुप्ता, गीता देवी आदि।

# सूख गया पुनपुन का धार कैसे होगा मानवता का बेड़ा पार

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित जम्होर थानांतर्गत विष्णु धाम के समीप अनवरत बहने वाली मोक्षदायिनी पुनपुन एवं पुण्यदायिनी बटाने की धारा इस वर्ष सूख गई जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि कभी जेठ के तपती दुपहरी में भी पुनपुन की धारा नहीं सूखती थी। अनवरत बहते रहती थी वह भी आज सूख गई सिर्फ जहां का संगम स्थल है वहीं पर थोड़ा सा पानी बचा हुआ है यह आश्चर्यजनक है कि कभी न सूखने वाले पुनपुन की धारा इस वर्ष तपती हुई बढ़ते हुए तापमान में सूख गई इससे भविष्य में गंभीर जल संकट होने की संभावना है अगर हम समय रहते नहीं चेते तो बहुत ही भयावह स्थिति हो सकती है। इसका वैज्ञानिक कारण पेड़ों की अंधाधुंध कटाई,नदियों से बालू की अवैध निकासी,जल प्रदूषण है यदि हम समय रहते नहीं चेते तो पुनपुन का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है इसके लिए स्थानीय स्तर पर लोगों को भागीरथी प्रयास करना चाहिए ताकि पुनपुन जिसकी धारा सदियों से जेठ में भी नहीं सूखती थी आज सूख चुकी है। इसलिए हम पुनः उस धारा को कैसे वापस लाएं इस पर विचार करना होगा।पौराणिक आख्यानको में पुनपुन बटाने का संगम तट ऐसा स्थल है जहां पूर्वजों को पिंड देने वाले मोक्ष प्राप्ति हेतु हम पितृ तर्पण का कार्य इसी स्थान पर करते हैं। युगों युगों से इसी स्थल पर मोक्ष प्राप्ति हेतु गया तर्पण के पूर्व प्रथम पिंड स्थल इसी जगह को माना जाता है। धार्मिक मान्यता अनुसार यह स्थल युगों युगों से साक्षी है न जाने कितने देवतुल्य महापुरुष इस संगम तट पर पधारे हैं।

## यज्ञ देखने गए छात्र की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। आरा के नवादा थाना क्षेत्र में बहिरो गांव स्थित गैस गोदाम के पास सोमवार की सुबह हथियारबंद बदमाशों ने एक छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार छात्र के सिर में पीछे से गोली मारी गई है। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही नवादा थानाध्यक्ष कमल जीत और अपर थानाध्यक्ष सुबोध कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए है। मृत छात्र नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो गांव निवासी बुधन पासवान का 18 साल का बेटा साहिल कुमार उर्फ भोला है। इधर मृत छात्र के पिता बुधन पासवान ने बताया कि रविवार की रात वह आठ बजे गांव के ही तीन-चार लड़कों के साथ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोठहुला गांव में यज्ञ देखने गया था। जब देर रात घर नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। इस बीच सोमवार की सुबह अचानक मालूम हुआ कि एक लड़के का शव गांव में ही स्थित गैस गोदाम के पास पड़ा है। सूचना पाकर जब वहां पहुंचे तो देखा कि साहिल को किसी ने गोली मारकर हत्या कर दी है।

वहीं दूसरी ओर मृत छात्र के पिता बुधन पासवान ने यज्ञ में उसके साथ गए चार लड़कों पर ही गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर पर मामले की छानबीन कर रही है।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन उप मुख्यमंत्री से शहर में बिजली सुधार करने की उठी मांग

प्रात: किरण संवाददाता



गया। शहर में भीषण गर्मी का प्रकोप पड़ रहा है और बिहार सरकार और भारत सरकार को बदनाम करने के इरादा से बिजली विभाग के द्वारा लगातार रात में बिजली की कटौती किया जा रहा है जिससे आम जनता अस्त-वस्त हो रहा है साथी साथ कई मोहल्ले में आम जन पीने का पानी के लिए बाल्टी और डब्बा लेकर घूम रहे है की किसी तरह से पानी मिल जाए। गया जिला भाजपा किसान मोर्चा के सह प्रभारी सह राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा भाजपा संगठन के द्वारा लगातार बिजली और पानी पर बिजली विभाग और नगर निगम को ध्यान आकर्षित कराया जा रहा है लेकिन उनकी क्या मजबूरी है की एक-दो दिन सुधार करने के बाद पुनः वहीं आंख मिचौली बिजली और पानी के लिए लोग घूमते नजर आते हैं बिहार सरकार के द्वारा पानी के लिए आवंटन राशि आवंटित है बिजली विभाग के द्वारा जितना बिजली की मांग किया जा रहा है उतना बिजली बिहार सरकार के द्वारा दिया जा रहा है फिर भी दोनों विभाग अपने अपने ढंग से चलाना चाहते हैं।

इस गर्मी से बिजली विभाग के द्वारा समय-समय पर बिजली काट लिए जाने के कारण रात में न सोने के कारण बच्चे एवं बुजुर्ग बीमार पड़ जा रहे हैं और डॉक्टर के यहां इलाज चल रहा है। बिजली विभाग और नगर निगम गया से अपने अपने स्तर से बिजली और पानी में सुधार किया जाए नहीं तो बाध्य होकर बिहार सरकार नगर विकास मंत्री एवं बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री से मिलकर गया कि बिजली और पानी की समस्या पर ध्यान आकर्षित कराएंगे हर हालत में बिजली और पानी की सुधार होना चाहिए आज के बैठक में शामिल होने वाले संगठन के कार्यवाहक अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील बंबईया महेश यादव मंटू कुमार बबलू गुप्ता सहित उन लोगों ने मांग किया कि 24 घंटा बिजली और पानी की व्यवस्था किया जाए।

# वेद प्रकाश शर्मा के 69वीं जयंती पर सामयिक संवाद

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में भारत के महान उपन्यासकार वेद प्रकाश शर्मा के 69वीं जयंती के अवसर पर सामयिक संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, महामंत्री धनंजय जयपुरी, संरक्षक मंडल ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह के आह्वान पर उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने संवाद किया एवं शर्मा जी के उपन्यासों की लंबी श्रृंखला पर चर्चा करते हुए बताया कि आधुनिक हिंदी साहित्य में सस्ते और लोकप्रिय उपन्यासों की रचना करने वाले प्रथम उपन्यासकार थे। इन्होंने 176 उपन्यास के साथ खिलाड़ी श्रृंखला की फिल्मी पटकथा भी लिखी। उनकी लिखित उपन्यास वर्दी वाला गुंडा सफलतम थ्रिलर उपन्यास है। इस उपन्यास की अब तक 8 करोड़ प्रति बिक चुकी हैं। पूरे भारत में जनसाधारण में लोकप्रिय थ्रिलर उपन्यासों की दुनिया में इस उपन्यास को क्लासिक का दर्जा प्राप्त है। 80 से 90 के दशक में युवा वर्ग में वेद प्रकाश शर्मा काफी चर्चित उपन्यासकार के रूप में जाने जाते थे। जब समाज में मनोरंजन का साधन नहीं हुआ करता था तो लोगों में उपन्यास पढ़ने की तीव्र ललक दिखाई पड़ती थी। लोग सुबह सवेरे उठते थे तो किताब की दुकानों पर जाकर वेद प्रकाश शर्मा जी के उपन्यास ढूंढते थे और उन उपन्यासों की एक श्रृंखला थी जिसे वह पूरी श्रृंखला को पढ़ने के लिए तत्पर रहते थे। लगातार 20 वर्षों तक यह निरंतरता जारी रही। 2000 से 2010 ई के बीच जब मोबाइल एवं टेलीविजन का घर-घर में पहुंच हुई तो उपन्यास पढ़ने वालों की संख्या में भी कमी आई लेकिन ऐसी स्थिति में भी साहित्य में रुचि रखने वाले लोग आज भी औपन्यासिक साहित्य में दिलचस्पी अवश्य रखते हैं। वेद प्रकाश शर्मा औपन्यासिक वृतियों में अमर हो चुके हैं।

## सदर अस्पताल की व्यवस्था पूरी तरह बदहाल, मरीजों का फर्श पर हो रहा इलाज

प्रात: किरण संवाददाता



आराः जी हां यह वाक्या आरा के भोजपुर के सदर अस्पताल का है लाख सरकार दावे करें बिहार में स्वास्थ्य सेवा बेहतर है मगर भोजपुर के एक मात्र सदर अस्पताल एक बार फिर से चर्चा में है। सदर अस्पताल दलालों का अड्डा जमवाड़ा जहां की 2 वर्ष के अपने पोते को लेकर इमरजेंसी वार्ड के फर्श पर बैठी लाचार दादी यह बताने के लिए काफी है कि आरा के सदर अस्पताल में किस तरह की व्यवस्था मरीजों को दी जाती है। आखिर इस मासूम का क्या दोष है या फिर उसको किस गुनाह की सजा दी जा रही है। जहां की सलाईन चढ़ाने के लिए उसको एक बेड नसीब नही हुआ। वैसे तो कहने के लिए यह सदर अस्पताल आईएसओ प्रमाणित है। लेकिन तस्वीरे जो सामने है कुछ और भी बया कर रही है। वहीं आधी रात में अगर कोई मरीज अस्पताल में आ जाए तो डॉक्टर बिना देखे ही पटना रेफर कर देते है। डॉक्टर ये नहीं देखते की मरीज पटना जाने लायक है या नहीं।

## कायस्थ समाज को मंत्रीमंडल में जगह न देने से नाखुश : डॉ संजय रघुवंर

प्रात: किरण संवाददाता

गया। पूरे देश में कायस्थ जाति भारतीय जनता पार्टी को अपना वोट देता रहा है' देश के कई ऐसे लोकसभा क्षेत्र हैं जहां चित्रांश परिवार बड़ी संख्या में है यहां से लोग सांसद होते रहे हैं किंतु भारतीय जनता पार्टी ने इस समाज के कार्यकर्ता जो उनकी पार्टी में थे उनका टिकट देकर उम्मीदवार बनाने का काम नहीं किया' मैं समाज के ग्रुप में देखता रहा हूं कि हिंदू वाद के नाम पर लोग पोस्ट करते रहे हैं और भाजपा के पक्ष में अंधभक्त दिखलाते रहे हैं' इस बार केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस जाति को गायब कर दिया गया है यानी चित्रांश मुक्त मंत्रिमंडल बना है' समाज के जो मान्यवर लोग हिंदूवादी विचारों के रहे हैं उनसे प्रश्न पूछने का मेरा मन कर रहा है की क्या इस समाज को भाजपा या प्रधानमंत्री जी हिंदू नहीं मानते? यदि हिंदू मानते हैं तो एक भी मंत्री क्यों नहीं बनाया गया. ? क्या इस समाज में मंत्री बने जो लोग नहीं थे. ? भाजपा के प्रति और भक्ति के कारण भाजपा के जो विरोध में मुख्य धारा की जो पार्टी है उसने भी समाज के लोगों को टिकट नहीं दिया टिकट नहीं देने का मूल कारण यह रहा है किस जाति के लोग दूसरे दल अपने उम्मीदवारों को भी वोट नहीं देते' अखिल भारतीय कायस्थ महासभा नाम से दर्जनों संगठन कार्यरत है तथा समाज के नाम पर हजारों की संख्या में विभिन्न नाम से संगठन कार्यरत है किंतु किसी संगठन ने इस जाति के राजनीतिक पतन तथा इसकी उपेक्षा पर सवाल नहीं उठाया जो अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है' जातीय महासभा के नाम पर कुछ लोग अपनी और अपने संतान के टिकट पाने का केवल काम करते हैं समाज के दूसरे राजनीतिक कार्यकर्ता और राजनीति में आगे बढ़े इस दिशा में एक भी संगठन प्रयासरत नहीं है' मुझे लगता है इस जाति के लोगों में वोट देने के प्रति भी रुचि कमी है इसमें जाती है संगठन ही ज्यादा जिम्मेवार है क्योंकि वह समाज के सभी लोगों का भरोसा जीतने में असफल रहा है।

## बिहार प्रदेश बुनकर कल्याण संघ ने वजिरगंज विधानसभा के तरफ से सांसद को शुभकामनाएं दी

प्रात: किरण संवाददाता



गया। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक, पूर्व मुख्यमंत्री बिहार और गया लोकसभा संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद जीतन राम मांझी को केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री के रूप में पद का शपथ ग्रहण करने पर गोपाल प्रसाद पटवा अध्यक्ष बिहार प्रदेश बुनकर कल्याण संघ ने वजिरगंज विधानसभा के तरफ से बहुत बहुत बधाई और मानपुर नगर वासियों कि ओर से हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद कि शपथ लेने पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए मांझी को केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री बनाकर गया वाशियों का दिल जीत लिया है इस सम्मान के लिए आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया है। अब गया का अपेक्षित विकास मांझी जी के कार्यकाल में गया जी को उसकी मौलिक पहचान दिलाएंगे, आने वाले दिनों में गया जी कॉरिडोर निर्माण जैसे महत्वाकांक्षी परियोजना और बुनकरों के लिए यार्न स्पिनिंग मिल और बुनकर हॉस्पिटल का स्थापना गया जी वासियों के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है। अब तक गया जी का अपेक्षित और मौलिक विकास से अछूता रहा है। गया को स्मार्ट सिटी में शामिल करने का प्रयास हम सभी को करना होगा। उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है मांझी जी अपने अनुभव और प्रधानमंत्री जी के स्नेह और सम्मान से गया जी को अद्भुत सौगात देंगे।

## पढ़ाई करने के दौरान एक छात्रा हुई अचेत

परसा। प्रखंड के मध्य विद्यालय बभंगावा में क्लास में पढ़ाई करते समय एक छात्रा अचानक अचेत हो गई। तथा उसके नाक से ब्लड आने लगा। अचेत छात्रा ब्रह्मपुर निवासी विश्वनाथ राम की 12 बर्षीय पुत्री अनिशा कुमारी बताई जाती है। जो 6 वी वर्ग की छात्रा है। इस संबंध में प्रधानाध्यापक अनिल कुमार दुबे ने बताया कि गर्मी छुट्टी के बाद सोमबार को पहली बार विद्यालय खुला था। प्रार्थना के उपरांत सभी वर्ग में पढ़ाई शुरू हो गया था। पढ़ाई के समय 6 वर्ग की छात्रा अनिशा कुमारी अचानक अचेत हो गई। और उसके नाक से खून आने लगा। जिसकी जानकारी वर्ग संचालिका शिक्षिका द्वारा दिया गया। जिसपर पहल करते हुए अचेत छात्रा को कार्यालय में लाया गया। और प्राथमिकी उपचार करने के उपरांत छात्रा बिलकुल सही हो गई। छात्रा की तबियत खराब की खबर परिजन को दिया गया। परिजन विद्यालय पहुँच, छात्रा को घर ले कर गये। प्रधानाध्यपक ने बताया कि परिजन ने इसके पहले कभी ऐसा नही होने की बातें कहा।

## बैंक से पैसा निकालने गए अधेड़ व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत

प्रात: किरण संवाददाता

कैमूरः भभुआ थाना क्षेत्र के भभुआ -चैनपुर पथ पर सोमवार को दतियांव मोड के समीप ई रिक्शा एवं सीएनजी टेंपू की आमने सामने भिडंत में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान भभुआ थाना क्षेत्र के पलका गांव निवासी अलन मियां के 67 वर्षीय पुत्र सरफराज मियां के रूप में हुई है। घटना के बारे में बताया जाता है कि मृतक पैसा निकासी के लिए अपनी मां को लेकर बेतरी बैंक गया हुआ था। जहां से ई रिक्शा से लौटने के क्रम में उक्त स्थल के समीप हादसे का शिकार बन गया। इधर मौके का नजाकत देख टेंपू चालक वाहन लेकर भागने में सफल रहा।

राहगीरों एवं स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन में जख्मी व्यक्ति को उपचार के लिए सदर अस्पताल भभुआ ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना में ई रिक्शा सवार कइयों को हल्की फुल्की खरोचें आई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे परिवार में मातम छा गया।

वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया और वाहन चालक की तलाश में जुट गई। इस दौरान घटना की जानकारी मिलते ही भभुआ के जिला पार्षद विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल सदर अस्पताल पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद मुहैया कराया। इस तरह की बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं से चिंतित जिला पार्षद ने हादसे में कमी लाने के लिए जिला प्रशासन से प्रभावी कदम उठाने की मांग की। साथ ही सड़क हादसे में मिलने वाली सरकारी सुविधा को तत्काल पीड़ित परिवार को मुहैया कराने की अपील की। मौके पर मुखिया इस्लाम खां, पुर्व मुखिया एनामूल खां, सन्नी अंसारी, सोनू अली गुड्डु अली, बाल चन्द बिन्द, शहजाद अलाम बॉस, सैफ अली सहित तमाम लोग मौजुद थे।

# पांच दिन से लापता युवक का शव पोखर के किनारे झाड़ी में मिला

प्रात: किरण संवाददाता



लालगंज। थाना क्षेत्र के जलालपुर पंचायत के वार्ड नम्बर दो के कमालपुर गांव निवासी नरेश पासवान का लड़का उमाकांत पासवान उर्फ तरबूजा का शव युसूफपुर चवर में एक पोखर के किनारे झाड़ी में मिला। मृतक पांच दिनों से लापता था। ऐसे में अचानक शव मिलने की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया। शव की सूचना मिलते हीं काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और इसकी सूचना लालगंज थाने को दी। सूचना मिलते लालगंज थाना अध्यक्ष राकेश कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँचकर जांच पड़ताल में जुट गई। वही घटना के सम्बन्ध में परिजनों ने बताया कि 06 जून की देर शाम वह घर से अचानक निकल गया। जिसके बाद वापस घर नहीं लौटा। घर नही लौटने से परिजन परेशान होकर खोजना शुरू किया परन्तु कहि नही पता चला जिसके बाद परिजनों ने लालगंज थाने में आवेदन दिया आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। वही बीते शनिवार खोजने के दौरान एक पोखर किनारे मृतक का कपड़ा बरामद हुआ मगर शव नहीं मिल सका। जिसके बाद शव खोजने मे परिजन लगे थे। वही सोमवार सुबह बकरी चराने आयी महिलाओ को जब शव पर नजर पड़ा तो शोर मचाना शुरू किया जिसके बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। परिजनों का आरोप है कि उमाकांत पासवान की हत्या कर साक्ष्य को छुपाने की नीयत से शव को झाड़ी में छुपा दिया गया है। इसके बाद एसडीपीओ 02 गोपाल मंडल समेत लालगंज थाना, करताहा थाना, पटेढ़ी बेलसर थाना भगवानपुर थाना समेत कई थाने की काफी संख्या में पुलिस पहुंची। घटनास्थल पर पहुंचाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए शव को ले जाना चाही मगर स्थानीय लोगों ने विरोध करते हुए डॉग स्क्वाड को बुलाने की मांग पर अड़ गए। वही पहुंची पुलिस शव को नहीं उठा सकी। वही सूचना मिलते सामाजिक कार्यकर्ता नरेश कुशवाहा, शेखर शुक्ला, इंद्रजीत शुक्ला यूसुफपुर पंचायत के मुखिया प्रथनिधि बबलू राय, सररिया पंचायत के मुखिया प्रथनिधि लखिन्द्र प्रसाद यादव,समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता पहुँचकर समझने की कोशिश की परन्तु ग्रामीणों ने किसी का बात नही सुनी। सभी डॉग स्क्वाड को बुलाने की मांग पर टीके रहे। जिसके बाद मुजफ्फपुर से डॉग स्क्वाड को बुलाया गया जिसके बाद जाँच पड़ताल शुरू किया गया। जिसके बाद सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रशासन के द्वारा समझाने बुझाने के बाद पुलिस ने शव जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। वही पुलिस ने दो लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही हैं। मृतक युवक उमाकांत पासवान के शादी

21अप्रैल 2024 को सैदपुर पढेरा गांव निवासी

स्वर्गीय अरुण पासवान के बेटी

दुर्गा कुमारी के साथ हुई थी। जहाँ लड़की के हाथों का मेंहदी का रंग फीका भी नही पड़ा था कि उसका सुहाग यूजर गया, वही परिजनों का रोतो रोते बुरा हाल हो रहा था।

## ऑटो की आमने-सामने की टक्कर में उड़े परखच्चे, दो घायल

गिद्धौर/जमुई। रविवार की देर शाम गिद्धौर-झाझा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। घटना के संदर्भ में बताया गया कि झाझा की ओर से एक ऑटो आ रहा था, वहीं गिद्धौर की ओर से बाइक पर सवार दो लोग झाझा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान छतरपुर गांव में पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास आमने सामने की टक्कर हो गई। इस घटना में ऑटो में बैठे दो सवारी घायल हो गए। वहीं घटना के बाद बाइक सवार बाइक छोड़कर फरार हो गए। घटना इतनी जबरदस्त थी की बाइक और ऑटो, दोनों ही के परखच्चे उड़ गए। घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों की पहचान सोनो प्रखंड के डुमरी गांव निवासी अयोध्या मंडल के पैंतालीस वर्षीय पुत्र प्रह्लाद मंडल एवं जमुई निवासी अरविंद कुमार के नौ वर्षीय पुत्र आयुष कुमार के रूप में हुई है।

## जहानाबाद सांसद सुरेंद्र यादव की जीत पर राजद नेता ने दिया बधाई

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन के प्रत्याशी सुरेंद्र यादव की जीत पर राजद नेताओं ने बधाई दिया है. बधाई देने वालों में राजद के छात्र जिला अध्यक्ष रवि रंजन कुमार राजद एससी एसटी के जिला अध्यक्ष उमेश पासवान राजद के धरोहर नेता अखिलेश पासवान राजद के वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ सुनील कुमार समेत दर्जनों नेताओं ने जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सांसद के नेतृत्व में इस क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा. अपने पूर्व के कार्यकाल में करपी-तेरा पथ समेत अन्य कई पथों का निर्माण कार्य कराया गया था. उनके सांसद बनने से लोगों में या उम्मीद जगी है कि हमीद नगर पुनपुन परियोजना एवं अरवल में रेलवे लाइन समेत कई अन्य लंबित पड़े कार्यो को उनके द्वारा पूरा करवाया जाएगा. इस चुनाव में क्षेत्र के लोगों ने जाति एवं धर्म से उठकर इन्हें अपना बहुमूल्य मत देकर सांसद बनाया है. इनकी जीत से क्षेत्र के लोगों में भी हर्ष व्याप्त है. राजद नेताओं ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को दूर करवाने में सांसद के साथ मिलकर हम लोग सक्रिय रूप से भूमिका का निर्वहन करेंगे।

## रविशंकर प्रसाद को मंत्री न बनाने से चित्रांसो में नाराजगी

वैशाली। पटना साहीब से निर्वाचित सांसद रविशंकर प्रसाद को केंद्रीय मंत्रिमंडल मे जगह नही मिलने से लालगंज वैशाली प्रखंड के कायस्थ समाज के लोगो ने काफी नाराजगी जाहिर की है। कायस्थ समाज के गणेश श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, नरेन्द्र प्रसाद, दीपक कुमार श्रीवास्तव, नवल सिन्हा, उमेश श्रीवास्तव, अंजनी श्रीवास्तव, नवल किशोर प्रसाद, दीपक राज, संतोष कुमार, रजनीश कुमार आदि ने कहा की कायस्थ समाज ने पूरे बिहार मे एकजुटता के साथ एनडीए को अपना समर्थन किया जिससे कई सीटों पर इस समाज का वोट निर्णायक साबित हुआ है। ऐसे मे केंद्रीय मंत्रिमंडल मे कायस्थ समाज से आने वाले एक मात्र सांसद को भी जगह नही मिलने से समाज के लोग अपने आप को उपेक्षित महसुश कर रहे है।

## कम पानी में धान बीज से मिल रही बेहतर उत्पादकता और फसल को रोग प्रतिरोधक क्षमता

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर/भागलपुर। बिहार के किसानों ने बताया कि डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की इकाई श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस की ओर से पेश किए गए श्रीराम सुपर 4400 धान बीज से बदलती प्रकृतिमें भी उनकी उत्पादकता बढ़ी है। आधुनिक अनुसंधान द्वारा विकसित की गई धान की किस्म श्रीराम सुपर 4400 किसानों में बेहद लोक प्रिय हो रही है। इसमें मजबूत तना, लम्बी बालियाँ, भरपूर दाने, रोगों के प्रति सहनशीलता और कम समय व कम पानी में अधिक पैदावार मिलने के चलते ये बीज बिहार, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, झारखंड के किसानों में लोकप्रिय बन गया है। बिहार, देवरिया के ऐसे ही एक जागरूक किसान अवधेश मिश्रा का कहना है कि उक्त बीज में 15-20 कल्ले, चमकदार दाने, कम समय में अधिक पैदावार और रोग प्रतिरोधक क्षमता है। वे अन्य किसानों को भी श्रीराम सुपर 4400 लगाकर भरपूर लाभ लेने की सलाह देते है। नालंदा के किसान आलोक प्रसाद यादव ने भी धान के फसल प्रदर्शन में उत्तम परिणामको देखते हुए पिछले वर्ष इसे लगाया और वे अपने इस फैसलेसे बहुत खुश है। उनका कहना है कि कम पानी में भी बढ़िया उपज प्राप्त हुई, इसमें कल्ले और दाने दोनों की संख्या ज्यादा है और इस बीज के लगाने से उन्हें बेहतर उत्पादन मिला इसलिए वे अन्य किसानों को भी श्रीराम सुपर 4400 लगाने की सलाह देते है।

# नए अपराधिक कानूनों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



हाजीपुर। पुलिस अधीक्षक के उपस्थिति में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में बिहार पुलिस मुख्यालय द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित नए अपराधिक कानूनों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन के सत्र का शुभारंभ हुआ।,जिसमे जिले के सभी पुलिस पदाधिकारी/अनुसंधानकर्ता मौजूद रहे। प्रशिक्षण संबंधित अभिवादन करते हुए पुलिस अधीक्षक हरिकिशोर राय द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी पदाधिकारियों को यह बताया गया की नए अपराधिक कानून के लागू होने से डिजिटल पुलिसिंग,जीरो ऋफ़,ए ऋफ़,इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस की प्राथमिकता आदि से बिहार पुलिस की कार्यशैली एवं अनुसंधान को वैज्ञानिक तरीके से पूर्ण करने में सहायता होगी।

साथ ही महिला हिंसा,संगठित अपराध गिरोह ,मॉब लिंचिंग आदि अपराधो में भी नए कानून में व्यापक बदलाव किए जाने से अपराध में कमी एवं पुलिसिंग को मजबूती प्रदान करेगी। इसीलिए सभी पदाधिकारियों को अच्छे तरह से संपूर्ण नए अपराधिक कानूनों को समझने एवं सीखने हेतु निर्देशित किया गया,ताकि भविष्य में किसी भी अनुसंधानकर्ता को नए अपराधिक कानून को लागू करने में परेशानी न हो।

## कार और बाईक की टक्कर में बाईक सवार युवक की हुई मौत

समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर टावर के साईं पेट्रोल पंप समीप कार और बाईक के आमने-सामने की टक्कर में बाईक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने धक्का मारकर भाग रहे कार को पीछा कर कार एवं चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। मृतक की पहचान गोपालपुर पंचायत के वार्ड दो निवासी सुरेश सहनी के 18 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र कुमार के रूप में हुई है। लोगों के मुताबिक दरभंगा की ओर से कार समस्तीपुर की ओर जा रहा। इसी दौरान बिरसिंहपुर चौक से दवा लेकर बाईक सवार युवक अपने घर लौट रहा था। इसी बाईक सवार युवक के आमने-सामने टक्कर हो जाने से मौके पर ही बाईक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं मौत की खबर सुनते ही आक्रोशित लोगों ने समस्तीपुर दरभंगा मुख्य सड़क घटनास्थल के समीप सड़क जाम कर दिया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 11 जून, 2024





# मिर्जापुर 3 की रिलीज डेट पर अली फजल ने दिया अपडेट

मिर्जापुर के प्रशंसक क्राइम ड्रामा फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त मिर्जापुर 3 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेजन प्राइम वीडियो इस सीरीज की स्ट्रीमिंग जुलाई 2024 में शुरू करने के लिए तैयार है। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक शो की रिलीज डेट की पुष्टि नहीं की है। इसी बीच शो में गुड्डू भैया का किरदार निभाने वाले अभिनेता अली फजल ने दिलचस्प खुलासा किया है। अभिनेता ने सीरीज की रिलीज डेट को लेकर बड़ा हिंट दिया है, जिसका वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया पर छा गया है।

## मिर्जापुर 3 पर आया बड़ा अपडेट

अली फजल ने आज, 8 जून को शो की रिलीज डेट के बारे में बताते हुए एक और रोमांचक वीडियो जारी किया। वीडियो में शो के गुड्डू भैया उर्फ अली फजल चिढ़े हुए नजर आ रहे हैं क्योंकि वह भी जानना चाहते हैं कि मिर्जापुर सीजन 3 डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कब आएगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि निर्माता उनकी पेशी करने की योजना बना रहे हैं और फिर रिलीज की तारीख की घोषणा करेंगे।

## अली फजल के वीडियो ने बढ़ाया उत्साह

वीडियो में अली फजल ट्रेलर लॉन्च इवेंट के बारे में बात कर रहे हैं जहां शो की रिलीज की तारीख का खुलासा किया जाएगा। वीडियो में अभिनेता कहते हैं, डेट खोजने आए हो ना, डेट मिल जाएगी हम भी यही सोचे थे। ये जो दिमाग वाले लोग है ना पीछे, ये पहले खिलाएंगे, फिर घुमाएंगे, फिर तड़पाएंगे। फिर हमारी पेशी होगी कुछ दिनों में और वहां होगी फेस टू फेस बात। फिर मचेगा भौकाल।

## नेटिजन्स ने की दिलचस्प टिप्पणी

जैसे ही अभिनेता ने यह वीडियो जारी किया, नेटिजंस अपना उत्साह व्यक्त करने के लिए कमेंट सेक्शन में आ गए। एक यूजर ने पूछा, पेशी कहां होगी? एक अन्य ने लिखा, तारीख पर तारीख चली जाएगी लेकिन सटीक तारीख नहीं मिलेगी... पंचायत का संदर्भ देते हुए एक अन्य यूजर ने टिप्पणी की, किजिए मीटिंग मीटिंग, खेलिए मीटिंग मीटिंग, हलुआ मीटिंग मीटिंग। जानकारी हो कि सीरीज के तीसरे सीजन यानी मिर्जापुर 3 में अली फजल, पंकज त्रिपाठी, श्वेता त्रिपाठी शर्मा और रसिका दुग्गल जैसे सितारे मुख्य भूमिका में होंगे।



# बिग बॉस ओटीटी 3 का हिस्सा बनने जा रही हैं टीवी एक्ट्रेस सना मकबूल खान

टीवी पर बिग बॉस का राज तो चलता ही है, ओटीटी पर भी इसका डंका बजता है। फैंस बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 का इंतजार कर रहे हैं। इस बार होस्ट सलमान खान नहीं, बल्कि झक्कास अनिल कपूर होंगे। शो 21 जून से जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होगा। कंटेस्टेंट्स के नाम की चर्चा हो रही है। मेकर्स बड़े-बड़े स्टार्स को अप्रोच कर रहे हैं। अहाना देओल, त्रिशाला दत्त, तनुश्री दत्ता, नुपूर सेनन के अलावा वड़ा-पाव गर्ल चंद्रिका दीक्षित, रियाज अली और शिवांगी जोशी तक के नाम सामने आ रहे हैं। इस लिस्ट में सना मकबूल खान का नाम भी शामिल है, जो तीन साल बाद टीवी पर वापसी कर रही हैं। उन्हें पिछली बार 2019 में रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी 11 में देखा गया था।

## सना की एक्टिंग में ऐसे हुई थी शुरुआत

13 जून 1993 को मुंबई जन्मीं सना 25 साल की हैं। उनकी मां मलयाली हैं। उन्होंने 2014 में तेलुगू मूवी से डेब्यू किया। इसके अलावा वो टीवी शो ईशान- सपनों की आवाज दे (2010) में भी थीं। और इससे एक साल पहले 2009 में वो रिएलिटी शो स्कूटी टीन दीवा में दिखीं। 2012 में फेमिना मिस इंडिया में हिस्सा लिया और ब्युटीफुल स्माइल का अवॉर्ड अपने नाम किया।

## इन शोज में नजर आ चुकी हैं सना

सना को कितनी मोहब्बत है 2, इस प्यार को क्यां नाम दूं, अर्जुन, आदत से मजबूर और खतरों के खिलाड़ी 11 में देखा जा चुका है। सूत्रों ने बताया - सना और अरमान मलिक को साइन कर लिया गया है। हम कंटेस्टेंट्स से बातचीत कर रहे हैं और उम्मीद है कि कुछ हफ्तों में लिस्ट फाइनल हो जाएगी। ये शो 21 जून से शुरू होगा और 19-20 जून को कंटेस्टेंट्स घर में एंट्री करेंगे। सना ने हाल ही में एक्टर और बिग बॉस 13 के कंटेस्टेंट रहे विशाल आदित्य सिंह के साथ एक छोटा-सा वीडियो शेयर किया है। इसमें मोहब्बत की दिल छू लेने वाली कहानी दिखाई गई है। इसका नाम है परवाह।

## सानविका की गुजारिश

# कृपया मुझे वकील और पुलिस ऑफिसर के रोल दें



प्राइम वीडियो की चर्चित सीरीज पंचायत की रिंकी यानि अभिनेत्री सानविका ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। पहले सीजन में दर्शकों को सिर्फ उनका नाम सुनने को मिला था। दूसरे सीजन में वह दर्शकों से रूबरू हुईं। इसके बाद वे सभी की पसंदीदा किरदार बन गईं। अब इस सीरीज का तीसरा सीजन आ चुका है। सचिव जी (एक्टर जितेंद्र) के साथ रिंकी की केमिस्ट्री इस सीरीज का मुख्य आकर्षण है। लेकिन, रियल लाइफ में दोनों की केमिस्ट्री कैसी है? हाल ही में सानविका ने इस बारे में बात की है। हाल ही में एक बातचीत के दौरान सानविका ने जितेंद्र के साथ रियल लाइफ में अपनी बॉन्डिंग पर बात करते हुए कई दिलचस्प बातों का खुलासा किया। एक इंटरव्यू के दौरान सानविका से सीरीज में उनके फेवरेट को-स्टार के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि उनका हर किसी के साथ अच्छा बॉन्ड है, लेकिन जितेंद्र के साथ सबसे अच्छा है। दोनों के बीच अच्छी समझ विकसित हुई है।
सानविका ने आगे कहा कि वे एक-दूसरे से ज्यादा बात नहीं करते हैं, क्योंकि वह बहुत शर्मीले हैं। और शुरुआत में वे खुद भी काफी रिजर्व थीं। सानविका ने कहा, हम अपने सीन की प्रैक्टिस किया करते थे। डायलॉग की रिहर्सल करते थे। इसके बाद जाकर परफॉर्म करते थे। सानविका के मुताबिक सीजन 3 में उन्होंने बातचीत करनी शुरू की, फिर जितेंद्र ने भी इस पर रेस्पॉन्स दिया।
सानविका ने आगे बताया कि पंचायत सीरीज के बाद उन्हें काफी ज्यादा ऑफर मिल रहे हैं, लेकिन वे चाहती हैं कि कास्टिंग डायरेक्टर उन्हें अलग किस्म के किरदार दें। अभिनेत्री ने कहा कि शुरुआत में वह काफी दुबली थीं। तब उन्हें एक जैसे रोल मिलते थे। मध्यम वर्गीय इंसानों वाले। सानविका ने कहा कि उन्हें मध्यम वर्गीय और निम्न मध्यम वर्गीय रोल करने में कोई एतराज नहीं है, लेकिन वे इनके साथ कुछ अलग तरह के किरदारों के साथ भी प्रयोग करना चाहती हैं। सानविका ने कास्टिंग निर्देशकों से अलग-अलग तरह के किरदार ऑफर करने का अनुरोध करते हुए कहा, प्लीज,अलग-अलग भूमिकाओं के लिए भी आप मेरा ऑडिशन ले सकते हैं। मैं एक अमीर इंसान, एक वकील और पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभा सकती हूं... मैं अलग-अलग चीजें कर सकती हूं।

# बैड कॉप ट्रेलर में गुलशन देवैया का करण अर्जुन अवतार



निर्देशक से अभिनेता बने अनुराग कश्यप और पहली बार डबल रोल कर रहे गुलशन देवैया की आदित्य दत्त निर्देशित आगामी वेब सीरीज बैड कॉप को लेकर बज बना हुआ है। इसकी रिलीज पर अब तक सस्पेंस बरकरार था। मगर, आज इसका खुलासा हो गया है। सीरीज का ट्रेलर जारी कर दिया गया है, इसी के साथ रिलीज डेट पता चल गई है। बैड कॉप इसी महीने डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर दस्तक देगी। और तारीख है 21 जून। इसमें गुलशन देवैया और अनुराग कश्यप एक्शन दिखाते नजर आएंगे। डिज्नी हॉटस्टार ने आज आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से ट्रेलर जारी किया है। इसमें सीरीज की कहानी की झलक नजर आ रही है। यह सीधी-सादी नहीं है, इसमें कई ट्विस्ट हैं। सस्पेंस हैं। अनुराग कश्यप जिस प्रोजेक्ट से जुड़े हैं, लगता है वहां बिना गाली-गलौज संवाद लेखन का काम मुश्किल है! इसमें भी कुछ ऐसा है। आज जारी वीडियो में शुरुआत में ही गाली से बोहनी होती है।


## करण-अर्जुन की दिलचस्प कहानी

रिलीज डेट का खुलासा करने के साथ कैप्शन लिखा है, ये तो बस एबीसीडी था! करण अर्जुन आएंगे 21 जून को टी फॉर ट्विस्ट लेकर। यह सीरीज 21 जून को हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में गुलश देवैया पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं। अनुराग कश्यप बैड बॉय की छवि में हैं, उनका किरदार नेगेटिव है। गुलशन करण के रोल में हैं, अनुराग कश्यप अर्जुन के रोल में, जो कि चोर है।



# बढ़ती लागत की बहस का हिस्सा बने कार्तिक आर्यन

बॉलीवुड इंडस्ट्री में इन दिनों वेतन कटौती का मुद्दा गर्माया हुआ है। बीते दिन बड़े पैमाने पर यह रिपोर्ट सामने आई कि स्टारकास्ट की फीस और अभिनेताओं की अनचाही महंगी मांगों की वजह से फिल्म व्यवसाय को काफी नुकसान पहुंच रहा है। बीते दिन फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने फिल्मों के बजट और रेवेन्यू को लेकर खुलकर बात की। इसी बीच कार्तिक बॉलीवुड में बढ़ती लागत पर टिप्पणी करने वाले नवीनतम स्टार भी बन गए हैं। यह एक ऐसी प्रथा है जिसने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री पर बोझ डाला है और निचले स्तर के तकनीशियनों को वेतन में कटौती करने के लिए मजबूर किया है।
एक हालिया इंटरव्यू में कार्तिक आर्यन ने खुलासा किया कि उन्होंने पिछले साल की एक्शन कॉमेडी फिल्म शहजादा में काम करते समय अपनी फीस छोड़ने का फैसला किया, क्योंकि फिल्म वित्तीय संकट का सामना कर रही थी। उन्हें रोहित धवन निर्देशित फिल्म के लिए निर्माता का श्रेय दिया गया, जिसमें कृति सेनन भी थीं। कार्तिक आर्यन ने कहा, मुझे फिल्म में निर्माता का श्रेय मिला क्योंकि मैंने अपनी फीस छोड़ दी। मैंने ऐसा तब किया जब कोई इन चीजों के बारे में बात नहीं कर रहा था। उनके पास पैसों की कमी हो रही थी, इसलिए मैंने अपना पारिश्रमिक छोड़ दिया। सितारों के बारे में ऐसा कोई नहीं लिखता। यह सिर्फ मैं ही नहीं, बहुत सारे सितारे ऐसा करते हैं और इससे भी बड़ी चीजें। कार्तिक यहीं नहीं रुके और अपनी बात में आगे जोड़ा, एक सीधा सा गणित है। निर्देशकों, अभिनेताओं से लेकर निर्माताओं तक, हर कोई चाहता है कि उनकी फिल्में चलें। कोई भी अपनी फिल्में लोड नहीं करना चाहता। मुझे नहीं लगता कि कोई यह सोचता है कि नहीं, नहीं, मैं जो चाहूं चार्ज करूंगा चाहे फिल्म बर्बाद हो जाए। शहजादा के निर्माता भूषण कुमार ने भी पहले कार्तिक आर्यन की प्रशंसा की थी और कहा था कि अभिनेता मुश्किल समय में टीम के साथ खड़े रहे क्योंकि उन्होंने अपनी फीस छोड़ दी थी।




# बड़े पर्दे पर दुलकर सलमान से भिड़ेंगे शिवकार्तिकेयन? लकी भास्कर और अमरन में होगी टक्कर

साउथ सिनेमा की कई बहुप्रतीक्षित फिल्में रिलीज होने के लिए कतार में हैं। अब ऐसी अफवाहें हैं कि तमिल अभिनेता शिवकार्तिकेयन और मलयालम अभिनेता दुलकर सलमान की बॉक्स ऑफिस पर टक्कर होने की संभावना है। दरअसल, दुलकर सलमान की फिल्म लकी भास्कर की रिलीज की तारीख का खुलासा पहले से हो चुका है। यह फिल्म 27 सितंबर को बड़े पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार है। इससे पहले इस फिल्म की टक्कर पवन कल्याण की ओजी से होने की संभावना थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है।

## अमरन से होगी लकी भास्कर की टक्कर

अब यह साफ हो चुका है कि पवन कल्याण की फिल्म ओजी 27 सितंबर को नहीं आ रही है और इसलिए उस तारीख पर अब दुलकर सलमान की फिल्म का कब्जा है। मूल रूप से तेलुगु में शूट की गई यह फिल्म बहुभाषी रिलीज होगी। हालांकि, अब एक नई चर्चा शुरू हो गई है। भले ही पवन कल्याण की फिल्म से दुलकर की फिल्म की टक्कर न हो, लेकिन शिवकार्तिकेयन की बहुप्रतीक्षित देशभक्ति फिल्म अमरन से कड़ी टक्कर मिल सकती है। कॉलीवुड फिल्म जगत में चर्चा है कि शिवकार्तिकेयन की अमरन अलग-अलग भाषाओं में उसी तारीख यानी 27 सितंबर को रिलीज हो रही है। हालांकि, रिलीज की तारीख के बारे में आधिकारिक घोषणा जल्द ही होने की उम्मीद है।

## मुकुंद वरदराजन की बायोपिक है अमरन

अमरन 2014 में जम्मू कश्मीर के शोपियां में एक आतंकवादी रोधी अभियान में शहीद हुए मेजर मुकुंद वरदराजन की बायोपिक है। उन्हें मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया गया था। अमरन में शिवकार्तिकेयन एक भारतीय सेना राष्ट्रीय राइफल्स अधिकारी यानी मेजर मुकुंद वरदराजन की भूमिका में हैं। यह एक्शन ड्रामा देशभक्ति पर आधारित फिल्म है। फिल्म में अधिकारी कश्मीर के लिए लड़ते नजर आएंगे। अमरन का संगीत जीवी प्रकाश ने दिया है। वहीं, छायांकन सीएच साई ने किया है। यह फिल्म 2017 की फिल्म रंगून के लिए जाने जाने वाले राजकुमार पेरियासामी द्वारा निर्देशित है। साथ ही फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। फिल्म में साई पल्लवी भी मुख्य भूमिका में होंगी।

## लकी भास्कर की कहानी

वहीं बात करें दुलकर सलमान की लकी भास्कर की तो फिल्म में बॉम्बे के मगाडा बैंक में एक कैशियर के रूप में दुलकर नजर आएंगे। जो फिल्म में एक काल्पनिक मगध बैंक में काम करते हैं। वे रोज-रोज जागने, कपड़े पहनने, ट्रैफिक से बचने और कभी-कभी बैंक में जाकर केवल सिर हिलाने से थक चुके हैं, लेकिन एक दिन उनके पास अचानक बहुत पैसा आ जाता है। मीनाक्षी चौधरी भी फिल्म में मुख्य भूमिका में हैं और नागा वामसी इसे निर्मित कर रहे हैं।






## संक्षिप्त समाचार



### वाहन चालकों के लिए जरूरी खबर! केंद्र सरकार जल्द लागू करेगी न्यू टोल टैक्स सिस्टम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सरकार देश में सैटेलाइट आधारित इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन शुरू करने की योजना बना रही है। सबसे पहले इसे कॉमर्शियल वाहनों के लिए लागू किया जाएगा। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से प्राइवेट कार, जीप और वैन के लिए भी इस तकनीक को लागू किया जाएगा। इस ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम को अगले दो साल में सभी टोल कलेक्शन पॉइंट्स पर स्थापित करने की प्लानिंग चल रही है। इससे टोल प्लाजा और फास्टैग का काम समाप्त हो जाएगा।

**ऐसे हो रही प्लानिंग:** नई तकनीक की वजह से टोल प्लाजा पर लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी। इस तकनीक के तहत उपयोगकर्ता को जितनी दूरी का सफर करना होगा, उसके हिसाब से टोल का भुगतान करना होगा। जीएनएसएस आधारित टोल सिस्टम बैरियर-फ्री इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन होगा, जिसमें वाहन के मूवमेंट को ट्रैक करके यह निर्धारित किया जाएगा कि उस वाहन ने कितने किलोमीटर की यात्रा की है।

**ये होगी खासियत:** मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे के तहत काम करने वाली नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने जीएनएसएस-बेस्ड इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन सिस्टम को भारत में लागू करने के लिए ग्लोबल कंपनियों को इनवाइट किया है। हर टोल प्लाजा में दो या उससे ज्यादा जीएनएसएस लेन होंगी, जिनमें अग्रिम रीडर होंगे जो जीएनएसएस वाहनों की पहचान करेंगे। जीएनएसएस लेन में प्रवेश करने वाले गैर-जीएनएसएस वाहनों से अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा। जीएनएसएस बेस्ड टोलिंग सिस्टम को पहले तीन महीनों में 2,000 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग पर लागू किया जाएगा। इसके बाद अगले नौ महीनों में इसे 10,000 किमी तक और 15 महीनों में 25,000 किमी टोल राजमार्गों और 50,000 किमी तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

बता दें कि वर्तमान में भारत में फास्टैग इकोसिस्टम मौजूद है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान तकनीक का यूज किया जाता है, जिसे 2015 में फास्टैग के रूप में पेश किया गया था।

### कंपनी में गड़बड़ी के सवाल उठा सुजलॉन के डायरेक्टर का इस्तीफा, शेयर में लोअर सर्किट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिन्यूएबल एनर्जी सॉल्यूशन प्रोवाइडर सुजलॉन एनर्जी ने सोमवार को कहा कि संगठन में कोई वित्तीय अनियमितता या अनुपालन उल्लंघन नहीं हुआ है। कंपनी के इंडीपेंडेंट डायरेक्टर मार्क डेसेडेलर ने शनिवार को इस्तीफा दे दिया था। मार्क ने आठ जून 2024 को दिये गए अपने इस्तीफे में कंपनी के भीतर कॉर्पोरेट प्रशासन के मुद्दों को उठाया था। मार्क डेसेडेलर ने अपने इस्तीफे में कहा, ''मैं पिछले 18 महीने में कंपनी द्वारा दर्ज की गई ऑपरेशनल और फाइनेंशियल परफॉर्मेंस से बहुत खुश हूं। हालांकि, इसी अवधि में और हाल ही में, कई ऐसी स्थितियां आईं जहां कंपनी द्वारा लागू किए गए कॉर्पोरेट प्रशासन के मानक मेरी अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे। इनमें ऐसी स्थितियां भी शामिल हैं, जहां कम्यूनिकेशन में खुलेपन व पारदर्शिता का अभाव था, जिनकी (मामलों की) जानकारी में चाहता था।''

**मार्क ने पत्र में कही यह बात:** उन्होंने कहा, ''हमने इनमें से कई स्थितियों पर चर्चा की, कुछ को निदेशक मंडल के सदस्यों के साथ साझा किया गया और मैंने हाल ही में आपको इन स्थितियों को लेकर एक पत्र भेजा है। इस उम्मीद के साथ कि इस जानकारी का उपयोग सही तरीके से किया जा सकता है।'' उन्होंने कहा, ''इसके मद्देनजर मैंने कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में अपने पद और सभी संबद्ध समिति सदस्यता से इस्तीफा देने का फैसला किया।' सुजलॉन एनर्जी ने कहा, ''कंपनी स्पष्ट रूप से दोहराती है कि संगठन के भीतर कोई वित्तीय अनियमितता या अनुपालन उल्लंघन नहीं है।

# शेयर बाजार नई ऊंचाइयों पर, सेंसेक्स पहली बार 77000 के पार



**मुंबई, एजेंसी।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार 10 जून को सेंसेक्स 386 अंक चढ़कर 77079 के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया। निफ्टी में भी 121 अंकों की तेजी है, यह भी 23,411 के रिकॉर्ड हाई पर पहुंचा। हालांकि, अब बाजार में मामूली गिरावट है।

आज के कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 14 में तेजी और 16 में गिरावट है। पावरग्रिड का शेयर सबसे ज्यादा 3.30 प्रतिशत चढ़ा है। वहीं एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक, नेस्ले और एसबीआई के शेयरों में 1 प्रतिशत से ज्यादा कि तेजी है। टेक महिंद्रा, विप्रो, इंफोसिस के शेयरों में गिरावट है।

नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण के बाद केंद्र सरकार को लेकर अब ज्यादा स्पष्टता आ गई है। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने सरकार बनाई है। इसलिए, सेंसेक्स 77079 के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया है। 12 जून को मई महीने की महंगाई के आंकड़े जारी होने वाले हैं। अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि रिटेल महंगाई अप्रैल के 4.83 प्रतिशत से घटकर 4.80 प्रतिशत पर आ जाएगी। महंगाई का कंट्रोल में रहना शेयर बाजार के लिए पॉजिटिव संकेत है।

रिलायंस, एक्सिस बैंक, पावरग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और एनटीपीसी के शेयर बाजार को चढ़ाने में टॉप कॉन्ट्रीब्यूटर्स है। इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा बाजार को नीचे खींच रहे हैं।

**अमेरिकी बाजार में शुक्रवार को गिरावट रही थी:** शुक्रवार को अमेरिकी बाजार गिरावट पर बंद हुए थे। डाओ जोंस में 87 अंकों की कमजोरी देखने को मिली और यह 38799 के लेवल पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट में 40 अंकों की गिरावट रही। यह 17133 के स्तर पर बंद हुआ।

**7 जून को सेंसेक्स 76,795 ने ऑलटाइम हाई बनाया था:** रिजर्व बैंक के जीडीपी अनुमान बढ़ाने के बाद हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी, 7 जून को सेंसेक्स 76,795 के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया था। हालांकि, बाद में ये थोड़ा नीचे आया और सेंसेक्स 1,618 अंक की बढ़त के साथ 76,693 पर बंद हुआ।

वहीं, निफ्टी में भी कारोबार के दौरान करीब 500 अंकों की बढ़त देखने को मिली और ये 23,320 के स्तर पर पहुंचा। निफ्टी 468 अंक की बढ़त के साथ 23,290 के स्तर पर बंद हुआ। ये निफ्टी का ऑलटाइम क्लोजिंग हाई है।

सेंसेक्स के सभी 30 शेयरों में तेजी रही। एम एण्ड एम का शेयर सबसे ज्यादा 5.83 प्रतिशत चढ़ा है। वहीं आईटी कंपनी विप्रो और टेक महिंद्रा में करीब 5 प्रतिशत की तेजी रही। टाटा स्टील, इंफोसिस और भारती एयरटेल के शेयर करीब 4 प्रतिशत चढ़े हैं।

शुरुआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स को रिकॉर्ड हाई तक पहुंचाने में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, एससीबाआई और कोटक महिंद्रा बैंक का सबसे अधिक योगदान रहा। दूसरी ओर, इंफोसिस, टीसीएस, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा के शेयरों ने इंडेक्स पर दबाव बनाया। दूसरी ओर, इंफोसिस, टीसीएस, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा के शेयरों ने इंडेक्स पर दबाव बनाया। निफ्टी आईटी को छोड़कर सभी इंडेक्स सोमवार को बढ़त के साथ खुले। निफ्टी आईटी में शुरुआती कारोबार के दौरान 0.9 प्रतिशत की गिरावट दिखी। यह गिरावट अमेरिका में मासिक रोजगार के मजबूत आंकड़े सामने आने आने के बाद दिखी। इन आंकड़ों से इस बात का अंदेशा बढ़ा है कि फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती करने में और समय ले सकता है।

## अस्थिर बाजार में निवेश के लिए अभी करें इंतजार, शेयर मार्केट में चल रही उठक-पटक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार अभी भारी अस्थिरता से गुजर रहा है। ऐसे में अगर आप निवेश करना चाहते हैं तो नई सरकार आने के कुछ समय तक इंतजार करें।दरअसल, म्यूचुअल फंड सहित जो संस्थागत निवेशक हैं, उनकी नई सरकार के मंत्रालयों के बंटवारे पर नजर है क्योंकि इस बार भाजपा की सीटें घटने से कुछ मंत्रालय उसके सहयोगी दल रखेंगे।
शेयर बाजार में एक जून से भारी उठा-पटक देखने को मिल रहा है। कभी 2,600 अंक की तेजी तो कभी 4,000 अंक गिरावट।दरअसल, चुनावों के बाद से काफी कुछअब भी अस्पष्ट है। ऐसे में निवेश करना चाहते हैं तो थोड़ा इंतजार करें। शेयर बाजार अभी भारी अस्थिरता से गुजर रहा है।
ऐसे में अगर आप निवेश करना चाहते हैं तो नई सरकार आने के कुछ समय तक इंतजार करें।दरअसल, म्यूचुअल फंड सहित जो संस्थागत निवेशक हैं, उनकी नई सरकार के मंत्रालयों के बंटवारे पर नजर है क्योंकि इस बार भाजपा की सीटें घटने से कुछ मंत्रालय उसके सहयोगी दल रखेंगे। इस बार भाजपा को सहयोगी दलों की शर्तों पर काम करना होगा, जिससे सरकार के लिए पिछले 10 वर्षों के ट्रैक पर काम करना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में बाजार के उछाल में नरमी भी आ सकता है या तेजी और ज्यादा हो सकती है। जिस तरह की सरकार बनी है और जैसे मंत्रालयों का बंटवारा होगा, उसमें यह मुश्किल है कि सरकार सुधारों को उसी तरह से जारी रखेगी, जैसा पहले था। दो-तीन वर्षों में देखें तो सरकारी कंपनियों के शेयरों ने कई गुना रिटर्न दिया है। पर अब इसमें थोड़ा ठहराव आ सकता है। सरकारी कंपनियों के शेयर अभी ऊंचे भाव पर हैं। ऐसे में अगर निवेश इन शेयरों से थोड़ा दूरी बनाएं और इंतजार की रणनीति अपनाएं।

**बेहतर शेयरों में जारी रख सकते हैं निवेश :** विश्लेषकों का मानना है कि पांच साल तक राजनीतिक स्थिरता का संकेत है। कुछ दिनों से हो रहे उतार-चढ़ाव से पता चलता है कि अच्छे दिनों में निवेशकों को क्यों निवेशित रहना चाहिए और गिरावट का लाभ उठाते हुए इक्विटी में निवेश बढ़ाना चाहिए। सरकार में घटक दलों के शामिल होने से जोर कल्याणकारी योजनाओं पर होगा। इससे उपभोग और ग्रामीण मांग बढ़ेगी। यही वजह है कि एफएमसीजी बेहतर कर रहे हैं।

**बेहतर शेयरों में जारी रख सकते हैं निवेश :** विश्लेषकों का मानना है कि पांच साल तक राजनीतिक स्थिरता का संकेत है। कुछ दिनों से हो रहे उतार-चढ़ाव से पता चलता है कि अच्छे दिनों में निवेशकों को क्यों निवेशित रहना चाहिए और गिरावट का लाभ उठाते हुए इक्विटी में निवेश बढ़ाना चाहिए। सरकार में घटक दलों के शामिल होने से जोर कल्याणकारी योजनाओं पर होगा। इससे उपभोग और ग्रामीण मांग बढ़ेगी। यही वजह है कि एफएमसीजी बेहतर कर रहे हैं।
बड़ी गिरावट के बाद बाजार फिर पुराने स्तर पर एक जून को मतदान के अंतिम चरण के बाद आए एग्जिट पोल पर तीन जून को बीएसई सेंसेक्स 2,507 अंक की तेजी के साथ 76,469 के सार्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। निवेशकों ने उस दिन जबरदस्त कमाई की। चुनाव नतीजों के बाद सेंसेक्स 6,000 अंक तक टूट गया, जिससे निवेशकों को 45 लाख करोड़ रुपये तक का नुकसान हुआ। हालांकि, शाम तक बाजार बंद होने पर घाटा कम होकर 31 लाख करोड़ रह गया। हालांकि, 3 जून से अब तक बाजार ने उतार-चढ़ाव देखे हैं। अब घाटा करीब पूरा हो चुका है और सेंसेक्स फिर 76,000 पार पहुंच गया है।

## भीषण गर्मी व चुनाव से मांग प्रभावित, यात्री वाहन की खुदरा बिक्री मई में एक प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भीषण गर्मी और चुनाव के कारण मांग प्रभावित होने से मई में घरेलू यात्री वाहन खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर एक प्रतिशत की गिरावट आई। उद्योग निकाय फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी। यात्री वाहनों का पंजीकरण मई में घटकर 3,03,358 इकाई रह गया, जबकि मई 2023 में यह 3,35,123 इकाई था।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा, ''डीलरों ने पिछले महीने बिक्री में गिरावट के लिए चुनाव, भीषण गर्मी और बाजार में नकदी की समस्या को प्रमुख कारण बताया है। उन्होंने कहा कि बेहतर आपूर्ति, कुछ लंबित बुकिंग और छूट योजनाओं के बावजूद नए मॉडल की कमी, तीव्र प्रतिस्पर्धा और मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) द्वारा खराब विपणन प्रयासों ने भी बिक्री को प्रभावित किया।

सिंघानिया ने कहा कि अत्यधिक गर्मी के कारण शोरूम में आने वाले ग्राहकों की संख्या में करीब 18 प्रतिशत की गिरावट आई है। मई में दोपहिया वाहनों की बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 15,34,856 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 14,97,778 इकाई थी।



पिछले महीने तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 98,265 इकाई हो गई। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री पिछले महीने चार प्रतिशत बढ़कर 83,059 इकाई रही, जबकि मई 2023 में यह 79,807 इकाई थी। फाडा 15,000 से अधिक मोटर वाहन डीलरशिप का प्रतिनिधित्व करता है। उसने देश भर के 1,503 आरटीओ में से 1,360 से वाहन खुदरा आंकड़े एकत्र किए हैं।

## किंगमेकर बनते ही चंद्र बाबू नायडू परिवार की संपत्ति में 1225 करोड़ का इजाफा, ये है कारण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एन चंद्रबाबू नायडू के परिवार की संपत्ति में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आंध्र प्रदेश स्थित हेरिटेज फूड्स के शेयरों में पिछले 12 कारोबारी सत्रों में 105त्न से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस उछाल से परिवार की संपत्ति में 1,225 करोड़ रुपये की आश्चर्यजनक वृद्धि दर्ज की गई।



पिछले पांच साल से सत्ता से बाहर चल रहे चंद्र बाबू नायडू की किस्मत ने पलटी मारी है। ना केवल आंध्र प्रदेश में उनकी सत्ता में वापसी हुई है, बल्कि 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद वे केंद्र सरकार के लिए भी किंग मेकर की भूमिका में आए गए हैं।

इस बीच, एन चंद्रबाबू नायडू के परिवार की संपत्ति में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आंध्र प्रदेश स्थित हेरिटेज फूड्स के शेयरों में पिछले 12 कारोबारी सत्रों में 105त्न से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस उछाल से परिवार की संपत्ति में 1,225 करोड़ रुपये की आश्चर्यजनक वृद्धि दर्ज की गई।

सोमवार को, हेरिटेज फूड्स के शेयर बीएसई पर 727.9 रुपये के नए 52-सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंच गए। कंपनी के शेयरों में 10त्न का ऊपरी सर्किट लगा। दो हफ्ते पहले यानी 23 मई को कंपनी के शेयर 354.5 के भाव पर बंद हुए थे। 3 जून (चुनाव परिणाम से एक दिन पहले) से 10 जून तक कंपनी के शेयरों में मजबूत वृद्धि दिखी। आंध्र प्रदेश के मनोनीत मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के परिवार की कंपनी में कुल हिस्सेदारी 35.71 प्रतिशत है। परिवार के पास कंपनी के 3,31,36,005 शेयर हैं।

# अच्छे रिटर्न का लालच देकर एजेंट ने कराया बीमा पॉलिसी में निवेश, कंपनी को भरना होगा 10 लाख का हर्जाना

**बेंगलुरु, एजेंसी।** फिल्मी दुनिया से संसद तक पहुंची अभिनेत्री सुमालता अंबरीश भी ठगी की शिकार हो गईं। उन्हें बीमा पॉलिसी में अच्छे रिटर्न का वादा करते हुए एक बीमा एजेंट ने ठग लिया। जब उन्हें समय पर बताया गया रिटर्न नहीं मिला तो उसने कंपनी से पूछताछ की। कंपनी ने उन्हें ही दोषी ठहरा दिया कि वह पढ़े-लिखे होते हुए कागज पर ऐसे ही हस्ताक्षर कर दिया। उसके बाद उन्होंने कंज्यूमर फोरम का दरवाजा खटखटाया। वहां से उन्हें न सिर्फ राहत मिली बल्कि बीमा कंपनी को 10 लाख रुपये का हर्जाना देने का भी आदेश हुआ। हम बताते हैं पूरी बात।

फिल्म अभिनेत्री सुमालता साल 2019 में ही एमपी बनी थीं। इसी साल अप्रैल में उन्होंने बीजेपी ज्वॉइन कर लिया है। उन्होंने कुछ साल पहले एचडीएफसी लाइफ की एक योजना में 40 लाख रुपये का निवेश किया था। निवेश करते वक्त एजेंट विशालाक्षी भट्ट ने बताया कि उन्हें नौ फीसदी का सालाना रिटर्न मिलेगा। सुमालता ने 15 मई 2015 को 40 लाख रुपये का चेक इस विश्वास के साथ जारी किया था कि नवंबर 2016 तक उसे 43.60 लाख रुपये मिलेंगे। लेकिन उन्हें ऐसा रिटर्न नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने कंपनी के दफ्तर में संपर्क किया। उन्हें तब आश्चर्य हुआ, जब एचडीएफसी लाइफ के एक कर्मचारी ने उन्हें सूचित किया कि विशालाक्षी धोखाधड़ी में शामिल थी और उसने ग्राहकों के धन का दुरुपयोग किया था।

जब सुमालता ने एचडीएफसी लाइफ कार्यालय का दौरा किया, तो उसे एहसास हुआ कि विशालाक्षी ने उसे गुमराह किया था। उसने फिक्स्ड डिपॉजिट के बजाय पेंशन पॉलिसी में पैसा निवेश किया था। इसके बाद सुमलता ने नवंबर 2015 और जनवरी 2016 में बैंक को दो बार पत्र लिखकर सुनिश्चित ब्याज सहित रिफंड का अनुरोध किया। उसने कानूनी नोटिस भी जारी किया, लेकिन उसका पैसा वापस नहीं किया गया।

जब सुमलता ने आयोग से संपर्क किया, तो एचडीएफसी लाइफ ने जवाब दिया कि शिकायतकर्ता एक अच्छी तरह से शिक्षित व्यक्ति है। उन्होंने जिस प्रोपोजल फॉर्म पर उसने हस्ताक्षर किए हैं, उसे देखने पर उसे यह एहसास होना चाहिए था कि यह एक बीमा पॉलिसी है, निवेश नहीं। एचडीएफसी लाइफ ने कहा कि यह शिकायत खारिज किये जाने योग्य है।

आयोग के सदस्य रविशंकर और सुनीता चन्नबसप्पा बागेवाड़ी ने 31 मई को इस मामले पर आदेश पारित कियाा। उन्होंने सुमलता को राहत देते हुए एचडीएफसी लाइफ को साल 2017 से प्रति वर्ष 7.5 प्रतिशत ब्याज के साथ उनके द्वारा किए गए 40 लाख रुपये के निवेश को वापस करने का निर्देश दिया। यही नहीं कंपनी को 10 लाख रुपये का हर्जाना और 25,000 रुपये मुकदमा खर्च के रूप में भी भरना होगा। सेवा में कमी के लिए एचडीएफसी लाइफ (पूर्व में एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफ इंश्योरेंस कंपनी) को जिम्मेदार ठहराते हुए आयोग ने कहा कि एचडीएफसी लाइफ के हलफनामे से यह साबित होता है कि उसके एजेंट विशालाक्षी भट्ट ने शिकायतकर्ता को गुमराह किया था और 9त्न सालाना ब्याज का आश्वासन देकर उससे 40 लाख रुपये का निवेश करवाया था।

# नई सरकार में वित्त मंत्रालय को व्यस्त रखेगा पूर्ण बजट और लंबित सुधारों का क्रियान्वयन

**मुंबई, एजेंसी।** नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली गठबंधन सरकार के तहत वित्त मंत्रालय के सामने पहली चुनौती करीब एक महीने में 2024-25 के लिए पूर्ण बजट पेश करने की होगी। वित्त मंत्रालय हालांकि पूर्ण बजट के लिए पहले ही शुरुआती काम को आगे बढ़ा चुका है, उम्मीद की जा रही है कि वह जल्द ही बजट पर उद्योग से संपर्क की प्रक्रिया शुरू करेगा।

क्या सरकार राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 5.1 फीसदी रखने के लक्ष्य पर टिकी रहेगी, (जैसा कि फरवरी में पेश अंतरिम बजट में कहा गया था) या आक्रामक तौर से राजकोषीय मजबूती की ओर बढ़ेगी, इस पर लोगों की नजर रहेगी। इसकी वजह यह है कि सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक से रिकॉर्ड 2.1 लाख करोड़ रुपए का लाभांश मिला है। एसऐंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा है कि वह अगले दो साल के लिए भारत के राजकोषीय समेकन पर नजदीक से निगरानी करेगी और रेटिंग को अपग्रेड कर सकती है अगर सरकार राजकोषीय मोर्चे पर प्रतिबद्ध बनी रहती है।

वित्त मंत्रालय एक विवाद का निपटान कर सकता है, जो वित्त वर्ष 24 के बजट में आयकर अधिनियम के संशोधन से उभरा है। इसमें अनिवार्य किया गया है कि अगर कोई बड़ी कंपनी लिखित करार के मामले में एक एमएसएमई को 1 अप्रैल 2024 के बाद 45 दिन के भीतर भुगतान नहीं करती है तो वह उस खर्च को कर योग्य आय से नहीं घटा सकेगी, जिससे उसे संभावित तौर पर ज्यादा कर चुकाना होगा।




हालांकि ट्रेडरों और कुछ निश्चित एमएसएमई ने आशंका जताई है कि कंपनियां अपंजीकृत एमएसएमई की ओर कारोबार शिफ्ट कर सकती हैं, जिससे पंजीकृत एमएसएमई को नुकसान होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले महीने इस पर फिर से विचार करने का संकेत दिया था और कहा था कि बजट से पहले एमएसएमई इस संबंध में अपना पक्ष मंत्रालय के सामने रखें। वित्त मंत्रालय काफी समय से लंबित आईडीबीआई बैंक, शिपिंग कॉरपोरेशन और एनएमडीसी की रणनीतिक बिक्री के काम में तेजी ला सकता है, जो अभी विभिन्न चरणों में हैं।

दूसरा, वह विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों के द्वितीयक बाजार पेशकश को भी फास्ट ट्रैक पर लाने की कोशिश करेगा क्योंकि मूल्यांकन अनुकूल हैं और कुल मिलाकर वित्तीय संतुलन बनाए रखने के लिहाज से यह सही होगा। हालांकि केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों (सीपीएसई) और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण या विनिवेश की नई योजना मौजूदा वित्त वर्ष में पीछे रह सकती है क्योंकि इसके लिए गठबंधन साझेदारों के बीच काफी राजनीतिक आम सहमति की दरकार होगी।

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के मोर्चे पर दरों को व्यावहारिक बनाने की गठबंधन सरकार की कोशिश के तहत जीएसटी परिषद को पूरी कवायद सावधानीपूर्वक आगे बढ़ाने की जरूरत पड़ सकती है। दरों में बदलाव की समीक्षा के लिए राज्य समिति का दोबारा गठन करने की जरूरत पड़ सकती है, जिसमें गठबंधन के कुछ सदस्य शामिल हो सकते हैं। राज्यों को उपकर पर मुआवजे का मसला और पेट्रोलियम को जीएसटी के दायरे में लाने का मामला फिर उभर सकता है और परिषद में इस पर चर्चा की दरकार हो सकती है।

प्रत्यक्ष कर के मामले में काफी समय से लंबित प्रत्यक्ष कर संहिता (डीटीसी) के क्रियान्वयन को प्राथमिकता मिल सकती है। साल 2019 में डीटीसी तैयार करने के लिए गठित टास्क फोर्स ने रिपोर्ट का मसौदा सौंप दिया था। इसके कुछ सुझाव स्वतंत्र रूप से लागू किए गए हैं।

# टी20 विश्व कप में भारत के आगे बाबर सेना हुआ शर्मसार

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रैक्टर बेचकर मैच देखने पहुंचा पाकिस्तान फैन, हार ने किया निराश



**न्यूयार्क (एजेंसी)।** भारत ने न्यूयॉर्क में एक रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान पर अपनी सातवीं टी20 विश्व कप जीत हासिल की। इस जीत से भारतीय प्रशंसकों में खुशी का माहौल है जबकि पाकिस्तानी समर्थकों में शोक है। वहीं भारत-पाक मैच देखने के लिए ट्रैक्टर बेचकर आया एक पाकिस्तानी फैन हार से काफी निराश हो गया। पाकिस्तानी समर्थक ने 3,000 डॉलर का टिकट खरीदने के लिए अपना ट्रैक्टर बेच दिया था, अविश्वास में खड़ा था। उन्होंने अपनी निराशा साझा करते हुए कहा, मैंने 3000 अमेरिकी डॉलर का टिकट पाने के लिए अपना ट्रैक्टर बेच दिया है। जब हमने भारत का स्कोर देखा, तो हमने नहीं सोचा था कि हम यह मैच हारने वाले हैं। हमने सोचा कि यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। खेल हमारे हाथ में था लेकिन बाबर आजम के आउट होने के बाद लोग निराश हो गए। मैं आप सभी (भारतीय प्रशंसकों) को बधाई देता हूं।

मैच की बात करें तो पाकिस्तान ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। भारतीय बल्लेबाज इस कठिन सतह पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके और स्टार सलामी बल्लेबाज विराट कोहली (4) और रोहित शर्मा (13) बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे। ऋषभ पंत (31 गेंदों में छह चौकों की मदद से 42 रन) एक अलग पिच पर खेल रहे थे और उन्होंने अक्षर पटेल (18 गेंदों में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 20 रन) और सूर्यकुमार यादव (आठ गेंदों में एक चौके की मदद से सात रन) के साथ उपयोगी साझेदारियां कीं। ऐसी कठिन पिच पर रन बनाने के दबाव में निचला मध्यक्रम बिखर गया और भारत 19 ओवर में सिर्फ 119 रन बना सका। हारिस रऊफ (3/21) और नसीम शाह (3/21) पाकिस्तान के शीर्ष गेंदबाज थे। मोहम्मद आमिर को दो जबकि शाहीन शाह अफरीदी को एक विकेट मिला।

### साल पहले करियर खत्म होने के बारे में पूछते थे और अब सर्वश्रेष्ठ कहते हैं : बुमराह

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट के दुर्लभ नगीनों में शुमार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का कहना है कि उन्हें यह बात बड़ी हास्यास्पद लगती है कि एक साल पहले तक लोग उनके करियर के खत्म होने की बातें कर रहे थे और अब उन्हें सर्वश्रेष्ठ बुलाते हैं। बुमराह ने 2022 में पीठ के निचले हिस्से में 'स्ट्रेस फेक्चर' के लिए सर्जरी करायी थी जिसके कारण वह आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाये थे। घरेलू सरजमीं पर श्रृंखला में वापसी करने से पहले उन्हें खिंचाव आ गया जिससे वह 10 से ज्यादा महीनों के लिए क्रिकेट से बाहर हो गये। लोग उनके तीनों प्रारूपों में खेलने के कार्यभार से निपटने की काबिलियत पर सवाल उठाने लगे। लेकिन बुमराह ने पिछले एक साल में तीनों प्रारूपों में मिलाकर 67 विकेट झटककर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया जिसमें रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ कम स्कोर वाले टी20 विश्व कप मुकाबले में 14 रन देकर तीन विकेट चटकाने वाला मैच विजयी प्रदर्शन भी शामिल है। बुमराह ने वापसी करने की उनकी काबिलियत पर शक करने वाले लोगों पर निशाना साधते हुए कहा, 'एक साल पहले तक ये ही लोग कह रहे थे कि मैं शायद फिर दोबारा नहीं खेल पाऊंगा और मेरा करियर खत्म हो गया है। लेकिन अब यह सवाल बदल गया है। भारत ने महज 119 रन पर सिमटने के बाद बुमराह के शानदार प्रदर्शन के बूते पाकिस्तान को सात विकेट पर 113 रन के स्कोर पर रोक दिया। बुमराह आलोचकों की 'अदलू बदलू' प्रकृति को बखूबी समझते हैं और जानते हैं कि उनके लिए सर्वश्रेष्ठ यही है कि वह खुद के नियंत्रण वाली चीजों पर काम करें। उन्होंने कहा, 'मैं मैच में इस चीज पर ध्यान नहीं देता कि मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से गेंदबाजी कर रहा हूं या नहीं, बल्कि मैं मैच में मौजूद समस्या का निदान करने की कोशिश करता हूं।

## वह जीनियस है, उसपर विश्वास था: रोहित शर्मा



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जसप्रीत बुमराह को 'जीनियस' करार देते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि यह तेज गेंदबाज टी20 विश्व कप में आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखे। बुमराह की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने अपने कम स्कोर का बचाव करते हुए चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 6 रन से शर्मनाक रूप से हराया। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 119 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। बुमराह ने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिए।

रोहित ने मैच के बाद कहा, 'उसके (बुमराह) प्रदर्शन में लगातार निखार आ रहा है। हम सभी जानते हैं कि वह क्या कर सकता है। उसके बारे में बहुत अधिक बात नहीं करूंगा। हम चाहते हैं कि वह पूरे विश्व कप में इसी तरह की मानसिकता के साथ खेले। वह जीनियस है। हम सभी यह जानते हैं।' भारतीय कप्तान ने कहा कि कम स्कोर बनाने के बावजूद उनको मैच जीतने का विश्वास था क्योंकि पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल नहीं थी। उन्होंने कहा, 'हमारे पास जिस तरह का गेंदबाजी आक्रमण है उससे हम आश्वस्त थे। जब वे बल्लेबाजी कर रहे थे तो हमने आपस में कहा कि अगर हमारे साथ ऐसा हो सकता है तो उनके साथ भी हो सकता है।' भारत का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 89 रन था लेकिन इसके बाद उसने 30 रन के अंदर सात विकेट गंवा दिए। रोहित ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को अच्छी बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा, 'हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हमारी पारी के आधे भाग तक हम अच्छी स्थिति में थे। हम अच्छी साझेदारी निभाने में नाकाम रहे। हमने बात की की इस तरह की पिच पर प्रत्येक रन मायने रखता है। ईमानदारी से कहूं तो पिछले मैच की तुलना में यह अच्छा विकेट था।' रोहित ने कहा, 'इस तरह के विकेट पर थोड़ा योगदान भी बड़ा अंतर पैदा कर सकता है।' बुमराह को लगातार दूसरे मैच में मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने कहा कि दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना आसान हो गया था लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन किया। बुमराह ने कहा, 'सच में बहुत अच्छा लग रहा है। हमने थोड़ा कम रन बनाए थे और धूप खिलने के बाद बल्लेबाजी करना थोड़ा आसान हो गया था। हमने वास्तव में अनुशासित गेंदबाजी की और इसलिए यह अच्छा लग रहा है।

## जीत के बाद उम्मीद है प्रशंसक बड़ी मुस्कान के साथ घर जाएंगे: रोहित शर्मा

टीम इंडिया ने न्यूयॉर्क की खराब मानी जा रही नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की पिच पर आखिरकार शानदार जीत हासिल कर ली। भारतीय टीम पहले खेलते हुए पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी के आगे 119 रन ही बना पाई थी। विराट कोहली 4, सूर्यकुमार 7 तो हार्दिक 7 ही रन बना पाए थे। लक्ष्य क पीछा करने उतरी पाकिस्तान को रिजवान का साथ मिला लेकिन भारतीय टीम ने अंत के ओवरों में ऐसी कसी हुई गेंदबाजी की पाकिस्तानी बल्लेबाज रन बनाने के लिए तरस गए और 6 रन से मैच गंवा दिया। अहम मुकाबले में टीम इंडिया की जीत के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी खुश दिखे।

रोहित ने मैच के बाद कहा कि हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। अपनी पारी के आधे समय तक हम अच्छी स्थिति में थे। हमने वहां पर्याप्त साझेदारी नहीं की और बल्लेबाजी में पिछड़ गए। पिच में काफी कुछ था। ईमानदारी से कहूं तो पिछले गेम की तुलना में यह अच्छा विकेट था। लेकिन ऐसी गेंदबाजी लाइनअप के सामने आपको आत्मविश्वास से खेलना होता है। मंच के आधे रास्ते में जब वे बल्लेबाजी कर रहे थे, हमने सभी को एक साथ बुलाया और कहा कि अगर यह हमारे साथ हो सकता है, तो यह उनके साथ भी हो सकता है। हर किसी का थोड़ा सा योगदान बहुत बड़ा बदलाव ला सकता है। वहीं, प्रशंसकों पर रोहित ने कहा कि यह शानदार थी। हम जहां भी खेलते हैं वे कभी निराश नहीं करते। मुझे यकीन है कि वे बड़ी मुस्कान के साथ घर जाएंगे। यह तो बस शुरुआत है, हमें अभी लंबा सफर तय करना है।

### ऐसा रहा मुकाबला

भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए ऋषभ पंत के 42 और अक्षर पटेल के 20 रनों की बदौलत 119 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी पाकिस्तानी टीम ने एक समय 14 ओवर में 80 रन बना लिए थे। लेकिन इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी की और पाकिस्तान को 113 रनों पर रोक लिया और टीम को 6 रनों से जीत दिला दी।

टी-20 वर्ल्ड कप

## उसने जानबूझ कर गेंदें बर्बाद कीं...



### पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलीम मलिक ने इमाद वसीम पर लगाया संगीना आरोप

**कराची/न्यूयार्क (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलीम मलिक ने इमाद वसीम पर भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में जानबूझकर गेंदें बर्बाद करने का आरोप लगाया है। पाकिस्तान की टीम न्यूयॉर्क में रविवार को खेले गए मैच में 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। इस बीच उसने 59 गेंद पर कोई रन नहीं बनाया। भारत ने यह मैच छह रन से जीता। वसीम ने 23 गेंद पर 15 रन बनाए। मलिक ने कहा, 'आप उसकी (वसीम) पारी पर गौर करो तो ऐसा लगता है कि वह रन बनाने के बजाय गेंदें बर्बाद कर रहा है और लक्ष्य का पीछा करते हुए चीजों को मुश्किल बना रहा है।'

एक अन्य पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को लगता है कि पाकिस्तान की टीम में सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा है तथा कुछ खिलाड़ियों को कप्तान बाबर आजम से शिकायत है। अफरीदी ने कहा, 'एक कप्तान सभी को साथ लेकर चलता है। वह या तो टीम को बर्बाद करता है या उसको अच्छा बना देता है। विश्व कप को समाप्त होने दो इसके बाद में खुलकर बात करूंगा।' उन्होंने कहा, 'शाहीन (अफरीदी) के साथ मेरा ऐसा रिश्ता है कि अगर मैं उसके बारे में बात करूंगा, तो लोग कहेंगे कि मैं अपने दामाद का पक्ष ले रहा हूं।' अफरीदी की बेटी की शादी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन के साथ हुई है जिन्हें विश्व कप से ठीक पहले कप्तान पद से हटा दिया गया था। उनके कप्तान रहते हुए पाकिस्तान ने केवल न्यूजीलैंड के खिलाफ एक श्रृंखला खेली। पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि बाबर आजम की अगुआई वाली टीम सुपर आठ चरण में पहुंचने की हकदार नहीं है। अख्तर ने एक्स पर जारी एक वीडियो में कहा, 'निराश और आहत होने पर पोस्ट करना स्वाभाविक है। पूरा देश निराश और हताश है। मनोबल गिरा हुआ है। किसी तरह आपको जीतने का इरादा दिखाना होगा। क्या पाकिस्तान सुपर आठ में जगह नहीं बन पाने का हकदार है? खुदा जाने।' इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान ने कहा कि पाकिस्तान की टीम में आत्मविश्वास की कमी दिखी। उन्होंने कहा, 'कभी-कभी खराब पिच पर बहुत अच्छे मैच देखने को मिल जाते हैं। यह उनमें से एक मैच था। बहुत सरल सी बात है, पाकिस्तान को विश्वास ही नहीं था कि वह जीत सकता है।'

## बाबर आजम की कप्तानी फिर छिनेगी...? शाहिद अफरीदी का आरोप- टीम को बर्बाद कर रहा, पीसीबी बोला- करेंगे ऑपरेशन



**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप में हार के बाद कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम में आमूलचूल बदलाव करने की जरूरत है। भारत के खिलाफ न्यूयॉर्क में खेले गए मैच में पाकिस्तान के सामने 120 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी टीम सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार नकवी ने न्यूयॉर्क में कहा, 'मुझे लगता था कि मैच जीतने के लिए टीम में कुछ बदलाव करने की जरूरत है लेकिन अब लगता है कि टीम में आमूलचूल बदलाव करने होंगे।' दूसरी ओर, पूर्व कप्तान और टी20 विश्व कप में ब्रांड एम्बेसडर शाहिद अफरीदी ने बड़ा आरोप लगाया है।

मैच में कॉमेंट्री कर रहे अफरीदी ने हार के बाद कहा- टीम में कुछ प्लेयर्स को कप्तान बाबर आजम से शिकायत है। कप्तान हर किसी को साथ लेकर चलने वाला होना चाहिए, जबकि पाकिस्तान टीम में ऐसा नहीं हो रहा है। टीम बर्बाद हो रही है। शाहीन के साथ मेरा रिश्ता है। अगर मैं उसके बारे में बात करूंगा तो लोग कहेंगे कि मैं अपने दामाद का पक्ष ले रहा हूं। बता दें कि शाहीन अफरीदी को वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद टीम का कप्तान बनाया गया था, जबकि बाबर आजम को हटा दिया गया था, लेकिन इस टी20 विश्व कप से पहले फिर कप्तान बना दिया गया। इस बात से शाहिद नाराज थे। उन्होंने उस समय कहा था कि अगर किसी को कप्तान बनाया है तो विश्वास करो। उसे टाइम दो। सिर्फ एक ही सीरीज बाद हटाना था तो कप्तान बनाना ही नहीं चाहिए था।

**पीसीबी बोला- टीम को सुधारने के लिए किया जाएगा अब ऑपरेशन** - नकवी ने इसके साथ कहा कि अब उन खिलाड़ियों पर भी ध्यान देने की जरूरत है जो पिछले कुछ समय से टीम से बाहर हैं। उन्होंने कहा, 'हमने जिस तरह से अमेरिका और अब भारत के खिलाफ मैच गंवाए, वह बेहद निराशाजनक है। हमें अब उन खिलाड़ियों पर गौर करना होगा जो इस समय टीम में नहीं हैं।' नकवी ने कहा, 'हर कोई पूछ रहा है कि टीम अच्छा प्रदर्शन क्यों नहीं कर रही है। अभी विश्व कप चल रहा है लेकिन निश्चित तौर पर हमें हर चीज पर गौर करने की जरूरत है।' पाकिस्तान को सुपर 8 में जगह बनाने के लिए कनाडा और आयरलैंड के खिलाफ अगले दो मैच में बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी और अन्य टीमों के परिणाम उसके अनुकूल रहने के लिए दुआ भी करनी होगी।

## शास्त्री ने ऋषभ पंत को प्रेरणादायक बताया, कहा- अच्छा काम करते रहिए



**न्यूयॉर्क (अमेरिका) (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में पाकिस्तान पर भारत की रोमांचक जीत के बाद पूर्व क्रिकेटर रवि शास्त्री ने बहुप्रतीक्षित मुकाबले में बल्ले और दस्ताने दोनों से अपने प्रदर्शन के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की तारीफ की। मैच के बाद पंत को ड्रेसिंग रूम में शास्त्री से उनके शानदार प्रदर्शन के लिए पदक मिला, जिसमें उन्होंने तीन शानदार कैच लपके। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 31 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 42 रन की महत्वपूर्ण पारी भी खेली। पंत के साथ सड़क दुर्घटना के समय को याद करते हुए 52 वर्षीय पंत ने कहा कि जब उन्होंने इस घटना के बारे में सुना तो उनकी आंखों में आंसू आ गए। बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में शास्त्री ने कहा, मैं ऋषभ के लिए बस इतना ही कहूंगा, शानदार प्रदर्शन। जब मैंने उसके एक्सीडेंट के बारे में सुना तो मेरी आंखों में आंसू आ गए। जब ??मैंने उसे अस्पताल में देखा तो उसकी हालत और भी खराब थी। और फिर वहां से वापस आकर भारत बनाम पाकिस्तान के सबसे बड़े मैचों में से एक में ए-जोन में वापस आना दिल को छू लेने वाला है। कमेंटेटर ने बाएं हाथ के बल्लेबाज की बल्लेबाजी के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि हर कोई जानता है कि खेल के सबसे छोटे प्रारूप में पंत क्या करने में सक्षम है।

## कार्लोस अल्कारेज ने ज्वेरेव को हराकर फ्रेंच ओपन खिताब जीता



**पेरिस (एजेंसी)।** कार्लोस अल्कारेज ने रविवार को यहां फ्रेंच ओपन पुरुष एकल फाइनल में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 5 सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। स्पेन के तीसरे वरीय अल्कारेज ने चौथे वरीय ज्वेरेव को 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। ज्वेरेव के खिलाफ 10 मैच में यह अल्कारेज की 5वीं जीत है।

21 साल के अल्कारेज अपने देश के दिग्गज रफेल नडाल को रोलां गैरो पर 14 ट्रॉफी जीतते हुए देखते हुए बड़े हुए हैं और अब वह नडाल को पछाड़कर तीन सतहों पर मेजर चैंपियनशिप जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। जब नडाल ने यह कारनामा किया था तब उनकी उम्र अल्कारेज से लगभग डेढ़ साल अधिक थी। यह 2004 के बाद पहला फ्रेंच ओपन फाइनल है जिसमें नडाल, नोवाक जोकोविच या रोजर फेडरर नहीं खेल रहे थे।

खिताबी मुकाबले के दौरान तीन सेट के बाद अल्कारेज 1-2 से पीछे चल रहे थे लेकिन अंतिम दो सेट आसानी से जीतकर तीसरा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने में सफल रहे। इससे पहले अल्कारेज 2022 में हार्ट कोर्ट पर अमेरिकी ओपन और 2023 में ग्रास कोर्ट पर विंबलडन खिताब जीत चुके हैं।

## भारत से हारकर बोले बाबर आजम- अब हमें आखिरी दोनों मैच जीतने होंगे



**न्यूयार्क (एजेंसी)।** पाकिस्तान आखिरकार फिर से टी20 विश्व कप में भारतीय टीम से हार गई। न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में हालांकि पाकिस्तान के पास जीतने का बड़ा अवसर था क्योंकि भारतीय टीम पहले खेलते हुए 119 रन ही बना पाई थी। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान एक समय तीन विकेट पर 80 रन बना चुकी थी लेकिन बाद उनके बल्लेबाज रन बनाने के लिए संघर्ष करते नजर आए। मोहम्मद रिजवान का विकेट गिरते ही बल्लेबाजों की झड़ी लग गई। पुछल्ले बल्लेबाजों ने कई डॉट गेंदें खेलीं जिससे टीम इंडिया ने दबदबा बना लिया और अंत में छह रन से जीत हासिल कर ली। यह विश्व कप में भारतीय टीम की पाकिस्तान पर सातवीं जीत है।

बहरहाल, पाकिस्तान की हार पर कप्तान बाबर आजम ने कहा कि हमने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन जब बल्लेबाजी आई तो लगातार दो विकेट गंवा दिए। हमने काफी डॉट गेंदें भी खेलीं। सामान्य रूप से

## टी20 विश्व कप: अफगानिस्तान से हार के बाद इयान स्मिथ ने न्यूजीलैंड की तैयारी पर उठाए सवाल

**प्रोविडेंस (गुयाना) (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर इयान स्मिथ ने टी20 विश्व कप में अपने देश की टीम की तैयारी पर सवाल उठाते हुए कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ मिली शर्मनाक हार के दौरान टीम पूरी तरह से अव्यवस्थित दिखी जिसने अच्छी तरह अभ्यास नहीं किया हो। न्यूजीलैंड को शुक्रवार को टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में अफगानिस्तान से 84 रन से उलटफेर का सामना करना पड़ा।

टीम 159 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए महज 75 रन पर सिमट गई जिसमें अफगानिस्तान के लिए राशिद खान और फजलहक फारूकी ने चार चार विकेट झटके। न्यूजीलैंड की टीम अब ग्रुप सी में पांचवें और अंतिम स्थान पर बनी हुई है और टीम का अगला मैच बुधवार को त्रिनिदाद में वेस्टइंडीज से होगा। न्यूजीलैंड का नेट रन रेट नेगेटिव है जिससे उसके लिए नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करना काफी मुश्किल होगा।

न्यूजीलैंड के लिए 63 टेस्ट और 98 वनडे खेल चुके स्मिथ ने कहा, 'उन्हें वेस्टइंडीज को हराना होगा और साथ ही उम्मीद करनी होगी कि अफगानिस्तान की टीम वेस्टइंडीज को हरा दे क्योंकि न्यूजीलैंड का नेट रन रेट इतना खराब है। उन्होंने कहा, 'नहीं पता कि अफगानिस्तान के खिलाफ इतने लचर प्रदर्शन के बाद वे कितनी तेजी से उबरते हुए अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे। वे किस तरह की टीम का चयन करेंगे? क्या वे टीम में कोई बदलाव करेंगे? उन्होंने जिन्हें खिलाया, उन्होंने कोई क्रिकेट भी नहीं खेला है।

न्यूजीलैंड की टीम 2022 टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल तक पहुंची थी जिसमें डेवोन कोनवे, केन विलियमसन और डेरिल मिशेल का प्रदर्शन शानदार रहा था। लेकिन कोनवे चोट की वजह से लंबे समय से बाहर रहने के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं और फिन एलेन अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पा रहे हैं जिससे चीजें न्यूजीलैंड के लिए अच्छी नहीं दिख रही हैं जो अपनी खेल रणनीति और प्रतिस्पर्धी जज्बे के लिए मशहूर है। साथ ही न्यूजीलैंड एक भी आधिकारिक अभ्यास मैच खेले बिना ही विश्व कप में खेल रही है।



स्मिथ ने कहा, 'ऐसा लगा कि कोनवे अभ्यास करके नहीं आया है, बल्कि बहुत औसत लग रहा था। वह पिछले कुछ समय से बल्ले से फॉर्म में भी नहीं है। उन्होंने कहा, 'साथ ही चोटों के कारण कोनवे ने इंडियन प्रीमियर लीग में भी कोई क्रिकेट नहीं खेला जबकि वह अनुबंधित था। इसके बावजूद वे मानते हैं कि उन्हें इस टूर्नामेंट के लिए एक विशेषज्ञ विकेटकीपर की जरूरत नहीं है। फिन एलेन पहली गेंद पर शून्य पर आउट हुए और कोनवे महज आठ रन ही बना सके। स्मिथ ने कहा, 'उन्होंने अफगानिस्तान पर शुरू में दबाव बनाने के मौके गंवा दिए। इस मैच को जीतने के लिए उन्हें सिर्फ एक भागीदारी की जरूरत थी। मैंने अभी तक जितने भी न्यूजीलैंड के मैच देखे हैं, उसमें खेल के सभी पहलुओं को देखा जाये तो शायद यह टीम के सबसे खराब प्रदर्शन में से एक था।% उन्होंने टीम के खराब क्षेत्ररक्षण की आलोचना करते हुए कहा, 'टीम अव्यवस्थित और बिना अभ्यास के खेल रही थी। वे बिना तैयारी के थे।

## संक्षिप्त समाचार

### रिकांगपिओः जिला में काशंग व सांगला कंडे में ग्लेशियर के पिघलने से बनीं कृत्रिम झीलें

**किन्नौर, एजेंसी।** जिला किन्नौर के काशंग व सांगला कंडे में ग्लेशियर के पिघलने से कृत्रिम झील बनने की सूचना मिली है। यह जानकारी डीसी किन्नौर डा. अमित कुमार शर्मा ने मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि जिला किन्नौर में मानसूनी आफत से किस प्रकार से जानमाल के नुक्सान से बचा जा सके, उसे लेकर किन्नौर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं तथा जिला किन्नौर में भूस्खलन, बाढ़ और ग्लेशियर पिघलने से बनने वाली कृत्रिम झीलें सबसे बड़ा खतरा हैं। उन्होंने बताया कि किन्नौर जिले के सांगला कंडे और काशंग कंडे में ग्लेशियर पिघलने से 2 कृत्रिम झीलें बनने की जानकारी मिली है और शीघ्र ही एनआरएससी और सी टाइप के माध्यम से एक्सपिटिशन भी किया जाएगा कि यदि भविष्य में ये कृत्रिम झीलें टूटती हैं तो इससे सांगला वैली और काशंग कंडे के आसपास आने वाले क्षेत्रों को नुक्सान होगा या नहीं। उन्होंने यह भी बताया कि किन्नौर जिले में आपदाओं से निपटने के लिए 14 जून को मॉकड्रिल भी आयोजित की जाएगी तथा इस मॉकड्रिल में आईटीबीपी, पुलिस व होमगार्ड सहित अन्य विभाग भाग लेंगे। विदित रहे कि इससे पूर्व भी वर्ष 2000 तथा 2005 में तिब्बत के पारछू में बनी कृत्रिम झील के टूटने से सतलुज नदी में आई बाढ़ से नदी का जल स्तर बढ़ गया था, जिससे जिला किन्नौर सहित रामपुर में भी भारी तबाही हुई थी और यदि भविष्य में सांगला व काशंग कंडे में बनी कृत्रिम झीलें भी टूटती हैं तो भारी तबाही हो सकती है, ऐसे में किन्नौर प्रशासन ने प्राइमरी स्तर पर ही इन कृत्रिम झीलों की मॉनीटरिंग शुरू कर दी है, ताकि इन घटनाओं को टाला जा सके या नुक्सान के आंकड़े को कम से कम किया जा सके।

### 28 जुलाई से शुरू होगा अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला, राज्यपाल करेंगे शुभारंभ

**चम्बा, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला इस बार 28 जुलाई से 4 अगस्त तक मनाया जाएगा। मेले के सफल आयोजन को लेकर रविवार को विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक के दौरान मिंजर मेला कमेटी के सरकारी व गैर-सरकारी सदस्यों से सुझाव लिए गए। इसे पूर्व डीसी चम्बा मुकेश रेप्सवाल ने अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेले के लिए तैयार की गई रूपरेखा के बारे में मंथन किया। मेले के शुभारंभ पर राज्यपाल और समापन समारोह में मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया जाएगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों, निमंत्रण कार्ड बनाने, थीम विषय का चयन, खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन, मेले के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित बनाने पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान सदर विधायक नीरज नैयर ने बताया कि चम्बा में कार्यरत जल विद्युत प्रोजैक्ट से मिंजर के आयोजन को लेकर राशि बढ़ाने की मांग की गई, ताकि मेले के दौरान जो भी बजट की कमी होती है उसे पूरा किया जा सके। डीसी चम्बा ने बताया कि पिछले वर्ष 3 करोड़ 62 लाख रुपए खर्च किए गए थे।

# अजित गुट ने ठुकराया मोदी सरकार में स्वतंत्र प्रभार, विधायकों के संपर्क में शरद पवार

**नई रार के आसार?**

**मुंबई, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्रिमंडल में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) ने मंत्री पद ठुकरा कर एक बार फिर महाराष्ट्र की राजनीति में भावी समीकरणों को लेकर अटकलों का दौर शुरू कर दिया है। मंत्रिमंडल में अजीत गुट से प्रफुल्ल पटेल को स्वतंत्र प्रभार का मंत्री बनाने का ऑफर था। लेकिन, उन्होंने ऑफर यह कहते हुए ठुकरा दिया कि वे पहले कैबिनेट मंत्री रहे हैं और स्वतंत्र प्रभार स्वीकार करना उनके लिए डिमोशन होगा।

माना जा रहा है कि उचित महत्व नहीं मिलने से राजग सहयोगी अजित पवार की पार्टी राकांपा नाराज है। हालांकि, प्रफुल्ल ने राजग में किसी तरह के मतभेद से इनकार किया है। राकांपा नेता पटेल ने कहा कि उनको भाजपा ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का ऑफर दिया था, उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया। मैं पहले कैबिनेट मंत्री रह चुका हूं, इसलिए अब अपना पद गिराना नहीं चाहता। ये उनका डिमोशन होगा। प्रफुल्ल यूपीए सरकार में नागरिक उड्डयन मंत्री रह चुके हैं।



उन्होंने कहा कि आज हमारे पास एक लोकसभा और एक राज्यसभा सांसद हैं, लेकिन अगले 2-3 महीनों में हमारे पास राज्यसभा में कुल 3 सदस्य होंगे। संसद में सांसदों की संख्या 4 होगी, इसलिए हमने कहा कि हमें एक (कैबिनेट मंत्रालय) सीट दी जानी चाहिए।

अजित पवार ने भी यही मांग दोहराई। अजित पवार ने कहा कि हमें राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के बारे में सूचना मिली, लेकिन प्रफुल्ल खुद कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। हमें खुशी है कि उन्होंने हमें सूचना दी, लेकिन उनके लिए यह पद लेना थोड़ा कठिन था। मतभेद की, जो अटकलें लगाई जा रही हैं वह गलत है।

इसके पहले खबर आई थी कि राकांपा में कैबिनेट मंत्री के पद को लेकर घमासान शुरू हो गया है। सामने आया था कि पार्टी के खाते में एक मंत्री पद गया है, जिसे लेकर दो वरिष्ठ नेताओं प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे के बीच मतभेद शुरू हो गया है। दोनों ही नेताओं ने राकांपा को मिल रहे कैबिनेट मंत्री के पद पर दावा ठोंका है। दोनों में से कोई भी अपनी दावेदारी छोड़ने को तैयार नहीं है। हालांकि, बाद में राकांपा ने इसे गलत बताया। फिलहाल इस घटनाक्रम ने एक बार फिर कई तरह की अटकलों को जन्म दे दिया है।

**शरद गुट के संपर्क में कई नेताः** लोकसभा चुनाव के बाद से महाराष्ट्र में कई तरह की हलचल चल रही है। राकांपा शरद पवार गुट की ताकत बढ़ने के बाद अजित गुट के कई नेता उनके संपर्क में बताए जाते हैं। सीनियर पवार काफी सक्रिय हैं और माना जा रहा है कि इसका असर आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। अजित पवार गुट लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद से बैकफुट पर है। पवार परिवार में भी कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। इसी तरह शिवसेना के दोनों धड़ों को लेकर भी अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि महाराष्ट्र में इसी साल चुनाव है और उसके पहले कई नए सियासी समीकरण राज्य की राजनीति में देखने को मिल सकते हैं।

## पंकजा मुंडे हारीं तो जिंदा नहीं बचूंगा, ऐसा कहने वाले ट्रक चालक की हादसे में मौत

**बीड, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी की नेता पंकजा मुंडे की बीड लोकसभा सीट से हारने की स्थिति में जीवित नहीं रहने का दावा करने वाले 38 वर्षीय ट्रक चालक की शुक्रवार रात को बस की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस इसे आत्महत्या का मामला होने का संदेह जता रही है। किंगांव पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि घटना रात करीब नौ बजे बोरगांव पटी के पास अहमदपुर-अंधोरी सड़क पर हुई। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान लातूर जिले में स्थित अहमदपुर के येस्टार निवासी सचिन कोंडीबा मुंडे (38) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा, बस चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि यह एक दुर्घटना थी या आत्महत्या का मामला था। यह तब हुआ जब यल्दरवाड़ी नाइट हॉल्ट बस बोरगांवपटी में रुकी। सचिन बस के पीछे खड़ा था और जब बस पीछे जाने लगी तब तभी वह उसकी चपेट में आ गया। किनगांव पुलिस थाना के सहायक निरीक्षक भाऊसाहेब खंडारे ने बताया कि जांच के तहत महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बस को जब्त कर लिया गया है। मृतक अविवाहित था और अपने माता-पिता और भाई के साथ रहता था। उसने एक वीडियो जारी करके दावा किया था कि अगर पंकजा मुंडे चुनाव हार गईं तो सचिन जिंदा नहीं रहेगा। उस समय यह वीडियो वायरल हो गया था।



## जम्मू-कश्मीर आतंकी हमले में राजस्थान के 5 लोग लापता, सीएम ने दिल्ली से संपर्क साधा





**जयपुर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में रविवार को पर्यटकों के बस पर हुए आतंकी हमले में 10 तीर्थ यात्रियों की मौत हो गई थी। इस बस में सवार राजस्थान के चौमूं (जयपुर) के एक बच्चा सहित 5 लोग लापता हैं। यहां से 5 यात्री तीर्थयात्रा पर गए थे। एक यात्री घायल है। सीएम भजनलाल शर्मा ने लापता लोगों के बारे में केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारियों से बात की है।उल्लेखनीय है कि श्रीनगर जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस रविवार को आतंकियों की गोलीबारी के बाद खाई में गिर गई। इससे 10 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 33 घायल हो गए। इस घटना में राजधानी जयपुर के चौमूं इलाके के पांच लोग बताए जा रहे है। बताया जा रहा है कि चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से फोन पर बातचीत की है। जिसके बाद सीएमओ से जम्मू-कश्मीर व गृह मंत्रालय से संपर्क साधा जा रहा है। साथ ही पूर्व विधायक ने परिजनों को ढाढ़स बंधाया है।

**जयपुर के चौमू के रहने वाले हैः** इस घटना में राजस्थान के चौमूं इलाके के 5 लोग लापता बताए जा रहा है। जिनमें राजेंद्र सैनी, ममता, पवन, पूजा सैनी, लिवांश के नाम की पहचान हुई है। ये सभी पांच लोग अपने परिवार के साथ वैष्णो माता के दर्शन के लिए गए थे। हालांकि उनकी बात पवन नाम के शख्स से हो चुकी है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा को घटना की जानकारी मिलने पर उन्होंने मुख्यमंत्री से बातचीत की है। जिसके बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रशासन को इस मामले सक्रिय रहने के निर्देश दिए है। एसएसपी मोहित शर्मा के मुताबिक बस शिवखोड़ी मंदिर से कटरा लौट रही थी।

## विदेशी पक्षियों और जीवों की तस्करी का पर्दाफाश, स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत का संदेह





**बुलन्दशहर, एजेंसी।** बुलन्दशहर में विदेशी पक्षियों और जीवों की तस्करी का काला खेल उजागर हुआ है। मध्य प्रदेश फारेस्ट टीम ने सोमवार को सुबह चांदपुर रोड स्थित एक ठिकाने पर छापा मारकर इस अवैध धंधे का भंडाफोड़ किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश फारेस्ट टीम ने बुलन्दशहर सिटी कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर रोड पर छापा मारा। इस दौरान 11 प्रजातियों के 50 से अधिक जीव, जिनमें विदेशी केकड़े, बिच्छू, सांप, चील, ड्रेगन, कलरफुल बर्ड्स और पैरट शामिल थे, बरामद किए गए। इस अवैध धंधे को स्थानीय फारेस्ट विभाग की मिलीभगत से संचालित किया जा रहा था। बिना रजिस्ट्रेशन के विदेशी पक्षियों और जीवों की खरीद-बिक्री की जा रही थी। छापेमारी के दौरान जीवों की देखभाल करने वाले एक कर्मचारी को हिरासत में लिया गया है। यह ऑपरेशन तीन घंटे से अधिक समय तक चला, जिसमें मध्य प्रदेश फारेस्ट विभाग को बड़ी सफलता मिली है।

**घटनास्थल और छापेमारी की जानकारीः** मध्य प्रदेश फारेस्ट टीम ने बुलन्दशहर के चांदपुर रोड पर चल रहे इस अवैध धंधे को पकड़ने के लिए गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही की। टीम ने मौके पर पहुंचकर विदेशी जीवों की तस्करी में संलिप्त व्यापारियों को रंगे हाथ पकड़ा। बरामद किए गए जीवों में ड्रेगन, सांप, बिच्छू और कई रंग-बिरंगे पक्षी शामिल थे।

**स्थानीय प्रशासन ने नहीं दी कोई प्रतिक्रियाः:** स्थानीय प्रशासन ने इस कार्यवाही पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन स्थानीय लोगों ने इस अवैध धंधे के खिलाफ आवाज उठाई है। लोगों का कहना है कि इस प्रकार की तस्करी से न केवल वन्य जीवों को खतरा है, बल्कि यह पर्यावरण और स्थानीय पारिस्थितिकी को भी प्रभावित कर रही है। मध्य प्रदेश फारेस्ट टीम ने इस सफलता के बाद स्थानीय फारेस्ट विभाग और अन्य संबंधित अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू करने का संकेत दिया है।

## हैती के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री गैरी कोलिने की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में हुए भर्ती



**पोर्ट-औ-प्रिंस, एजेंसी।** हैती के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री गैरी कोनिले शनिवार देर रात देश की राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस के एक अस्पताल में भर्ती हुए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि कोनिले को अस्पताल में भर्ती क्यों होना पड़ा। कोनिले को हाल में संकटग्रस्त कैरेबियाई देश का नेता चुनने वाली सत्ता हस्तांतरण राष्ट्रपति परिषद के सदस्य लुईस गेराल्ड गिल्स ने बताया कि वह अस्पताल जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके पास इसके अलावा और कोई जानकारी नहीं है। कोनिले को एक जटिल चयन प्रक्रिया के बाद 28 मई को प्रधानमंत्री चुना गया था। कोनिले जनवरी 2023 से लातिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों के लिए यूनिसेफ (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष) के क्षेत्रीय निदेशक के तौर पर सेवारत थे और देश से बाहर रहकर काम कर रहे थे। वह एक जून को हैती आए। इससे पहले वह अक्टूबर 2011 से मई 2012 तक हैती के प्रधानमंत्री थे।

## फ्रांस में राष्ट्रपति मैक्रों ने संसद भंग की:यूरोपीय संघ चुनाव में हार को देखते हुए फैसला लिया

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने चौंकाने वाला कदम उठाते हुए नेशनल एसेंबली भंग कर दिया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने यूरोपीय संसद के चुनाव में पार्टी की बड़ी हार होते देख ये फैसला किया। एग्जिट पोल के मुताबिक मैंक्रों की रिनेसां पार्टी रविवार को हुए यूरोपीय संसदीय चुनाव में मरीन ली पेन की दक्षिणपंथी पार्टी नेशनल रैली से हार रही है। एग्जिट पोल के अनुमानों के मुताबिक नेशनल रैली को 31.50 प्रतिशत वोट मिल रहे हैं जबकि रिनेसां पार्टी को सिर्फ 15.20प्रतिशत मिल रहे हैं। 14.3प्रतिशत वोट के साथ सोशलिस्ट पार्टी तीसरे नंबर पर रह सकती है। फ्रांस में चुनाव की घोषणा कर दी गई है। वोटिंग 30 जून और 7 जुलाई को होंगे। एग्जिट पोल आने के बाद नेशनल रैली के नेता जॉर्डन बार्डेला ने मैक्रों से संसद भंग करने का आह्वान किया था। एग्जिट पोल आने के कुछ घंटे बाद ही मैक्रों ने राष्ट्रीय संबोधन में संसद के भंग करने की घोषणा की। उन्होंने जनता से कहा, ये नतीजे सरकार के लिए विनाशकारी हैं। मैं इसे अनदेखा नहीं कर सकता। मैंने संसद भंग कर दी है। अब आपके पास अपना राजनीतिक भविष्य चुनने का विकल्प है। मुझे यकीन है कि आप सही फैसला लेंगे। फ्रांस की नेशनल असेंबली में 577 मेंबर होते हैं। वहां पर राष्ट्रपति पद के लिए अलग से चुनाव होता है। ऐसे में यदि यदि रिनेसां पार्टी हार जाती है तो भी मैक्रों पद पर बने रहेंगे। हालांकि मरीन ली पेन की नेशनल रैली यदि नेशनल असेंबली में बहुमत हासिल कर लेती है, तो मैक्रों बेहद कमजोर राष्ट्रपति बन जाएंगे और उन्हें संसद में अहम फैसले लेने के लिए विपक्षी पार्टियों पर निर्भर रहना पड़ेगा।

## पाकिस्तान सरकार पर उनके साथी दल पीपीपी ने लगाया गंभीर आरोप, कहा- बजट के बारे में नहीं की कोई चर्चा



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान सरकार के 12 जून को वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश करने की संभावना जताई जा रही है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने बताया कि गठबंधन सहयोगी होने के बावजूद सत्तारूढ़ पीएमएल-एन के नेतृत्व वाली सरकार ने आने वाले संघीय बजट पर उनसे परामर्श ही नहीं किया। रविवार को मीडिया रिपोर्ट में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने पीएम शहबाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज पार्टी पर बजट संबंधी चर्चा न करने का आरोप लगाया। यह भी बताया कि बजट के लिए उन्हें विश्वास में नहीं लिया गया। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के नेता सैयद खुर्शीद अहमद शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने न तो हमें बजट के संबंधित कुछ बताया और न ही हमें विश्वास में लिया। सैयद खुर्शीद अहमद शाह ने अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि हमें नहीं पता कि पीएमएल-एन निजीकरण नीति, करों, विकास कार्यक्रमों के बारे में क्या कर रही है। पीपीपी के शाह ने कहा कि बिलावल भुट्टो के नेतृत्व वाली पीपीपी को राहत के बारे में कुछ भी पता नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि सरकार बजट बना रही है या अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का बजट थोपा जा रहा है। बता दें कि 8 फरवरी को आम चुनावों में बड़े पैमाने पर धांधली के आरोप लगाए गए। इसके बाद पीएमएल-एन और पीपीपी ने खंडित चुनावी नतीजों के बाद गहन बातचीत के बाद गठबंधन सरकार बनाई। उन्होंने अपना दुख प्रकट करते हुए बताया कि बजट में पीपीपी के प्रस्तावों को शामिल नहीं किया गया। उन्होंने कहा, लोग हमसे पूछेंगे कि हमने क्या किया है। क्या हम उन्हें बताएंगे कि हमें इसके बारे में पता ही नहीं है? शाह ने यह भी कहा कि पार्टी को बजट के बारे में लिए जाने वाले निर्णयों की राजनीतिक रूप से जांच करनी होगी।

## यूरोपीय संसद चुनाव में दक्षिणपंथी पार्टियों की लहर, फ्रांस, इटली, जर्मनी में प्रचंड जीत

**पेरिस, एजेंसी।** यूरोपीय संघ के संसदीय चुनावों में दक्षिणपंथी पार्टियों की लहर देखने को मिली है और कई ऐसे यूरोपीय देश हैं, जहां दक्षिणपंथी पार्टियों ने जीत हासिल की है, और जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ऑस्ट्रियाई चांसलर कार्ल नेहमर को अपमानजनक हार का सामना करना पड़ रहा है।

रविवार देर शाम यूरोपीय संसद की 705 सीटों पर चुनाव खत्म होने के बाद आए एग्जिट पोल में 27 सदस्य देशों वाले इस ब्लॉक में दक्षिणपंथी पार्टियों का बोलबाला दिखाई दे रहा है, जिसका सबसे बड़ा संकेत ये है, कि फ्रांस, जर्मनी और ऑस्ट्रिया जैसे देशों की मौजूदा सरकार पर अब खतरे के बादल मंडरा रहे हैं और सत्ता परिवर्तन प्रबल हो गया है।



यूरोपीय संसद के चुनावी नतीजों से सबसे बड़ा संकेत ये है, कि यूरोपी में सत्ता विरोधी लहर काफी तेज हो गई है। एग्जिट पोल से पता चलता है, कि 150 से ज्यादा सीटों पर दक्षिणपंथी पार्टियों का कब्जा होने वाला है, जिससे मुख्यधारा की पार्टियों के लिए बहुमत हासिल करना मुश्किल हो जाएगा।

**फ्रांस में राष्ट्रपति मैक्रों ने किया संसदीय चुनाव का ऐलानः** फ्रांस में, धूर दक्षिणपंथी नेता मरीन ले पेन की नेशनल रैली पार्टी ने राष्ट्रपति मैक्रों की ध्यमार्गी पार्टी रेनेसॉ पार्टी को शिकस्त दे रही हैं, जिसके बाद राष्ट्रपति मैक्रों ने अचानक देश में संसदीय चुनाव की घोषणा कर दी है, जिसे जोखिम भरा कदम माना जा रहा है। ऐसे अनुमान हैं, कि नेशनल रैली पार्टी देश में प्रचंड जीत हासिल कर सकती है और मैक्रों की पार्टी को भारी नुकसान हो सकता है, जिसका असर उनके राष्ट्रपति कार्यकाल पर पड़ेगा, जो अभी 3 साल बाकी है। एग्जिट पोल में यूरोपीय संसदीय चुानव में नेशनल रैली को लगभग 33 प्रतिशत वोट मिलने की संभावना है और आने वाली यूरोपीय संसद में उसके 31 सीटें जीतने का अनुमान है, जबकि मैक्रों की पार्टी को सिर्फ 15 प्रतिशत वोट ही मिलने का अनुमान है। वहीं, फ्रांस में संसदीय चुनाव होने के बाद मरीन ले पेन ने कहा है, कि हम देश को बदलने के लिए तैयार हैं, फ्रांस के हितों की रक्षा के लिए तैयार हैं, मास इमिग्रेशन को खत्म करने के लिए तैयार हैं। वहीं, राष्ट्रपति मैक्रों ने मैक्रों ने हार की गंभीरता को स्वीकार किया है। उन्होंने एक टेलीविजन संबोधन में कहा है, कि मैंने आपका संदेश, आपकी चिंताएं सुनी हैं और मैं उन्हें टाल नहीं सकता। फ्रांस को शांति और सद्भाव से काम करने के लिए स्पष्ट बहुमत की जरूरत है। मैक्रों ने कहा, अचानक चुनाव बुलाना लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वहीं, जर्मनी में, दक्षिणपंथी अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी पार्टी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जो अगले साल होने वाले संघीय चुनाव से पहले पार्टी की मजबूती को दर्शाता है। यूरोसेप्टिक पार्टी को 16 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिलने का अनुमान है, जो उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हो सकता है और जर्मन चांसलर स्कोल्ज़ के गठबंधन में शामिल तीनों पार्टियों की तुलना में उसके वोट प्रतिशत का हिस्सा ज्यादा है। वहीं, संघीय स्तर पर विपक्ष में रहने वाले क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन और क्रिश्चियन सोशल यूनियन के कंजर्वेटिव गठबंधन ने लगभग 30 प्रतिशत वोट के साथ एग्जिट पोल में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। रविवार को खत्म हुए यूरोपीय संसद चुनाव में जर्मनी की ग्रीन पार्टी को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है और उसे 8.5 प्रतिशत वोट गंवाने पड़े हैं और सिर्फ 12 प्रतिशत वोटों के साथ उसे संतुष्ट करना पड़ रहा है। माना जा रहा है, कि जर्मनी में अवैध प्रवासी, यूक्रेन को लगातार फंडिंग और कार्बन डायऑक्साइड उत्सर्जन कम करने नाकामी को लेकर लोगों में भारी रोष है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129